सूविचार

इंसान सफल तब होता है जब वह दुनिया को नहीं बल्कि खुद को बदलना शुरू कर देता है।

दैनिक

# इंटरनल न्यूज

सच की तह तक....

internalnews@gmail.com www.internalnews.com

वर्ष : 11 | अंक : 04 | पृष्ठ : 08 | मूल्य 3 रूपये | भोपाल, सोमवार 31 मार्च 2025 | RNI NO. MPHIN/2015/61965



## संक्षिप्त समाचार

### आप ने भाजपा सरकार पर 'फरिश्ते दिल्ली के' योजना को बंद करने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत दिल्ली सरकार पर 'फरिश्ते दिल्ली के' योजना को बंद करने का आरोप लगाया। 'फरिश्ते दिल्ली के' योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए लोगों को निजी अस्पतालों में मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है। भाजपा ने 'आप' के इस आरोप पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। 'आप' की दिल्ली इकाई के प्रमुख और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि पूर्ववर्ती 'आप' सरकार द्वारा शुरू की गई इस पहल से हजारों लोगों की जान बचाने में मदद मिली थी, लेकिन अब इसे बंद किया जा रहा है। भारद्वाज ने सवाल किया, ''ऐसी अच्छी योजना जो लोगों की जान बचाती है, उसे कोई कैसे बंद कर सकता है? भाजपा सरकार ने इसे बजट से हटा दिया है।'' साल 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा शुरू की गई 'फरिश्ते दिल्ली के' योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए लोगों का निजी अस्पतालों में इलाज कराया जाता है और इलाज का पूरा खर्च सरकार उठाती है, ताकि राहगीर वित्तीय बोझ के डर के बिना घायलों की सहायता करने के लिए प्रोत्साहित हों। 'आप' के अनुसार, इस पहल के तहत 10,000 से अधिक लोगों की जान बचाई गई। भारद्वाज ने दावा किया कि स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान भी उपराज्यपाल द्वारा नियुक्त अधिकारियों ने इस योजना को बंद करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि 'आप' को उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा था, जिसके बाद इस योजना को जारी रखने के लिए धनराशि जारी की गई थी। भारद्वाज ने आरोप लगाया, ''भाजपा उपराज्यपाल के माध्यम से इस योजना को बंद करने में विफल रही थी। अब सत्ता में आने के बाद उसने इसे पूरी तरह से बंद कर दिया है।

### पटरी से उतरीं कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस की 11 बोगियां, एक की मौत, कई लोग घायल

**नई दिल्ली।** ओडिशा के कटक जिले में रविवार को बेंगलुरु-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन की 11 बोगियां पटरी से उतर गईं, जिसके परिणामस्वरूप एक व्यक्ति की मौत और आठ लोग घायल हो गए। इन यात्रियों को बचा लिया गया है और उन्हें चिकित्सा के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है। रेलवे अधिकारी बाधित ट्रैक को बहाल करने और आगे की बाधाओं को कम करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। ओडिशा अग्निशमन सेवा, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और स्थानीय रेलवे अधिकारियों के कर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और बचाव अभियान में सहायता कर रहे हैं। रेलवे ने बचाव प्रयासों में सहायता के लिए एक राहत ट्रेन भी तैनात की है। पटरी से उतरने की घटना के बाद धौली एक्सप्रेस, नीलाचल एक्सप्रेस और पुरुलिया एक्सप्रेस सहित तीन ट्रेनों को वैकल्पिक मार्गों पर भेजा गया। रेलवे ने सहायता प्रदान करने और यात्रियों को सूचित रखने के लिए कई हेल्पलाइन भी सक्रिय की हैं। खुर्दा रोड डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर एच.एस. बाजवा ने कहा, आज बैंगलोर-कामाख्या एक्सप्रेस नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गई। उसी रूट पर एक विशेष ट्रेन चलाई जा रही है जो उसी गंतव्य तक जाएगी। इसके बाद, मरम्मत का काम शुरू होगा। हम रेलवे की ओर से अनुग्रह राशि प्रदान करेंगे। हमने भोजन, पानी, प्राथमिक चिकित्सा और बसों की भी व्यवस्था की है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ यहां हैं। जांच की जाएगी।

### विभाजनकारी ताकतों को सफल नहीं होने देगी कांग्रेसः रेवंत रेड्डी

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस उन लोगों को नहीं बख्शेगी जो विभाजनकारी एजेंडे के साथ चुनाव जीतने की कोशिश करते हैं। रमजान के मौके पर अपने विधानसभा क्षेत्र कोडंगल में आयोजित इफ्तार में उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे रही है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान नफरत के बाजार' में 'मोहब्बत की दुकान' खोलने पर जोर दिया था। उन्होंने कहा, 'कुछ लोग चुनाव जीतने के लिए इस देश में लोगों को बांटकर राजनीतिक लाभ हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। चुनाव जीतना गलत नहीं है। लेकिन, कुछ लोग चुनाव जीतने के लिए लोगों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। यह गलत है। कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे जी (कांग्रेस अध्यक्ष) या आपका भाई रेवंत रेड्डी उन्हें सफल नहीं होने देंगे।

# विक्रमोत्सव का आयोजन एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को करता है स्थापितः राज्यपाल पटेल

» उज्जैन में विक्रमादित्य के नाम से स्थापित हो न्याय से जुड़ी राष्ट्रीय संस्था : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

» मध्यप्रदेश-राजस्थान में टूरिस्ट सर्किट बनाने की आवश्यकता : केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. मेघवाल

**भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि भारतीय नववर्ष विक्रम सम्वत् 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के शुभ अवसर पर उज्जैन में विक्रमोत्सव के प्रसंग में आयोजित कार्यक्रमों में प्रदेशवासियों का स्वागत और अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का भी आभार ज्ञापित करता हूँ। जिन्होंने दुनिया की पहली वैदिक घड़ी और भगवान महाकाल के अद्भुत महालोक की सौगतों से महाराजा विक्रमादित्य की उज्जयिनी के गौरव और वैभव की पुनर्स्थापना की है।**



विक्रमोत्सव का आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पहलुओं के प्रकटीकरण के लिए हमारी गौरवशाली विरासत और वर्तमान के विकास का उत्सव है। यह दिन हमारे लिए एक नए वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है, जो हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और हमारे पूर्वजों के योगदान को याद करने का अवसर है।

राज्यपाल श्री पटेल रविवार को उज्जैन में विक्रमोत्सव अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री डॉ. अर्जुनराम मेघवाल भी मौजूद रहे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि नववर्ष का यह पर्व विविध स्वरूपों में मनाया जाने वाला एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को स्थापित करता है। इसे कहीं गुड़ी पड़वा तो कहीं चैती चांद, कहीं युगादि तो कहीं उगादि और कहीं नवरोज अगदु के अलग-अलग रूपों में मनाया जाता है। इसी के साथ नौ दिन आरोग्य, साधना और कायाकल्प के नवरात्र का भी आरंभ होता है। राज्यपाल ने कहा कि विक्रम सम्वत् वर्ष का प्रवर्तन भारतीय सम्राट विक्रमादित्य के द्वारा विदेशी आक्रांताओं को पराजित कर, उनके राज्यभिषेक के दिन से होता है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि नव सम्वत्सर की तिथि सृष्टि निर्माण की तिथि है, जिसका निर्धारण संपूर्ण वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ हुआ है। वास्तव मे भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का दिन ऋतु परिवर्तन के अनुरूप स्वयं को सक्षम बनाने का समय है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि भारतीय नववर्ष प्रकृति के संरक्षण, संवर्धन और निर्माण की प्रेरणा देता है, जिसमें सृष्टि, संस्कृति और समाज का संगम है। ऋतुकाल संधि के इन दिनों में नवचेतना, नवजागृति का संदेश है। इसे मनाने की परंपरा व्यक्ति, परिवार और समाज, तीनों के स्वस्थ जीवन और समृद्धि को ध्यान में रखकर शुरू की गई। यह हम सब प्रदेशवासियों के लिये गर्व और गौरव का विषय है कि भारतीय नववर्ष विक्रम सम्वत् उज्जयिनी से शुरू हुआ है। सम्राट विक्रमादित्य का सारी दुनिया में न्यायप्रियता, ज्ञानशीलता, धैर्य, पराक्रम, पुरुषार्थ, और वीरता जैसी विशेषताओं के लिए स्मरण किया जाता है। राज्यपाल ने उत्सव में विविध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक कार्यक्रमों के साथ सम्राट विक्रमादित्य के समूचे व्यक्तित्व, कृतित्व और विशेषताओं को परिचित कराने के राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई और मंगलकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन नगरी सम्राट विक्रमादित्य के शासनकाल की नगरी है। उज्जयिनी वह नगरी है जिसमें योगीराज श्रीकृष्ण ने शिक्षा ग्रहण की तो अनेक राजा महाराजाओं ने अपने न्याय प्रिय शासन से दुनिया को न्याय की ओर मोड़ा। आज का दृश्य देख कर लग रहा है मानो आज सम्राट विक्रमादित्य स्वयं इस नगरी में पधारे हैं। हम सबके लिए यह सौभाग्य की बात है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में श्रीमहाकाल महालोक का निर्माण हुआ और भगवान श्री महाकालेश्वर की नगरी का वैभव और बड़ा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उनका शासन काल रामराज्य की याद दिलाता है।

### दिल्ली में भाजपा सरकार बनने से राम राज्य की शुरुआत हुई



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में 27 वर्ष बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने से रामराज्य की शुरुआत हुई है। रेखा गुप्ता ने पीतमपुरा में एक यात्रा में शामिल होते हुए लोगों को नव हिंदू वर्ष और नवरात्रि की शुरुआत की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार का गठन दिल्ली में रामराज्य की शुरुआत है। रेखा गुप्ता ने कहा कि वह चाहती हैं कि दिल्ली सूर्य की तरह चमके और लोगों का जीवन खुशियों व समृद्धि से भर जाए। इस वर्ष फरवरी में हुए विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद भाजपा 1998 के बाद पहली बार दिल्ली की सत्ता में लौटी है। भाजपा ने 70 विधानसभा सीट में से 48 पर जीत हासिल की थी जबकि आम आदमी पार्टी (आप) 22 सीट पर जीत दर्ज करने में सफल रही थी।

## अमित शाह के बयान पर तेजस्वी यादव ने उठाये सवाल, कहा- चुनावी मौसम में बड़ी-बड़ी घोषणाएं



**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत बिहार आये और चार विभागों की 823 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने चीनी मिल को फिर से शुरू करने की भी घोषणा की। योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी पर जमकर बोले। उन्होंने यहां तक कह दिया कि राष्ट्रीय जनता दल के शासन काल में यानी लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के मुख्यमंत्री काल में अपहरण, हत्या, लूट और नरसंहार होता था। लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की वजह से बिहार का नाम बदनाम हुआ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार में जंगलराज है अब ये नहीं कहा जा सकता, क्यों कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार को 10 साल में देश के 60 करोड़ गरीबों के लिए काम किया है, लालू प्रसाद ने बिहार के विकास के लिए क्या किया है? उन्होंने बिहार को सिर्फ जंगलराज दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर जवाबी फायर करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि जब चुनाव आता है तब लोग बड़ी-बड़ी घोषणाएं करते हैं, लेकिन चुनाव के बाद वह जुमला हो जाता है। तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर वह कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार को पैसा दिया है तो उन्हें यह भी बताना चाहिए कि उन्होंने कहाँ-कहाँ और किस-किस मद में किस सेक्टर को कितना रुपया दिया। उनको लोगों को विवरणी बतानी चाहिए। चुनाव आता है तब ये लोग घोषणाएं करते हैं, लेकिन पिछले 20 सालों में इनलोगों ने क्या किया उसकी गिनती इन्होने नहीं बताई। लालू जी को गाली देना तो लोगों का फैशन है।

### मोदी नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ेंगे, लगातार चौथी बार सत्ता में आएंगेः आठवले



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जवाहर लाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ेंगे और लगातार चौथी बार सत्ता बरकरार रखेंगे। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के प्रमुख आठवले बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया और कहा कि जद (यू) अध्यक्ष का स्वास्थ्य अच्छा है और वह कम से कम पांच से दस साल तक सत्ता में रहेंगे। अपनी बात बेबाकी से कहने के लिए मशहूर आठवले ने अपने गृह राज्य महाराष्ट्र में हाल में हुए सांप्रदायिक तनाव के लिए ब्लॉकबस्टर फिल्म छावा को जिम्मेदार ठहराया और औरंगाबाद में स्थित औरंगजेब के मकबरे को हटाने की मांग को बंद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, मुझे नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली टीम का हिस्सा होने पर गर्व है, जिनके कार्यकाल में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं।

## मांस की दुकान के साथ शराब, केएफसी और नॉनवेज बेचने वाले रेस्टोरेंट भी बंद करे सरकार



**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद व यूपी प्रभारी संजय सिंह ने प्रेसवार्ता में कहा कि यूपी में शराब की दुकानों पर मिल रही एक बोतल पर एक बोतल मुफ्त के विरोध में कल सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश में पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ यूपी में मुसलमानों को नमाज पढ़ने से रोका जा रहा है। दूसरी तरफ सौगात-ए- मोदी बांटी जा रही है। ये भाजपा का दोहरा चरित्र है। प्रदेश सरकार द्वारा अवैध बूचड़खानों को बंद करने और धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ इसमें दो चीजें और जोड़ दें। आस-पास शराब की दुकानों और ऐसे रेस्टोरेंट जहां पर मांस बिकता हो उसे भी बंद करवाया जाना चाहिए। प्रदेश में हाईवे पर 500 मीटर के अंदर आपको मंदिर से लेकर केएफसी, मैकडोनाल्ड्स और तमाम दुकानें देखने को मिलेंगी। शराब की दुकानें, केएफसी या मैकडोनाल्ड्स क्यों खुले रहने चाहिए? प्रदेश सरकार उसे भी बंद करवाएं। संजय सिंह ने आरएसएस और प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया कि 100 साल में आरएसएस का मुखिया कोई दलित, पिछड़ा या आदिवासी क्यों नहीं हुआ। प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस को बताना चाहिए कि 52 साल तक आरएसएस मुख्यालय पर तिरंगा क्यों नहीं फहराया गया। जेपी नड्डा ने कहा था कि आरएसएस की आवश्यकता बीजेपी को नहीं है। आरएसएस ने अंग्रेजों का समर्थन किया था, इसका जवाब भी देना चाहिए। आरएसएस सीमित जाति और सीमित क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है।

### कर्नाटक सरकार भद्रा जलाशय से दो टीएमसी पानी छोड़ेगी



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि सरकार ने एक से पांच अप्रैल तक भद्रा जलाशय से दो टीएमसी (एक अरब घनफुट) पानी छोड़ने का फैसला किया है ताकि कल्याण कर्नाटक क्षेत्र में फसलों और पीने के वास्ते तुंगभद्रा नहरों तक पानी पहुंच सके। उन्होंने एक बयान में कहा, ''मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने तुंगभद्रा नहरों में जल प्रवाह के लिए एक से पांच अप्रैल तक भद्रा जलाशय से दो टीएमसी पानी छोड़ने का फैसला किया है। इससे कोप्पल, रायचूर और यादगिर में खड़ी फसलों की रक्षा करने में मदद मिलेगी और साथ ही इन जिलों के लिए पर्याप्त पेयजल सुनिश्चित होगा।'' तीस मार्च की स्थिति के हिसाब से भद्रा जलाशय में 28 टीएमसी पानी था। मुख्यमंत्री ने कहा, ''आठ मई तक सिंचाई के लिए 11 टीएमसी और पेयजल के लिए 14 टीएमसी पानी की जरूरत है - जिससे तीन टीएमसी पानी की बचत होगी।''

गोपालगंज रैली में अमित शाह ने

### लालू पर जमकर निशाना साधा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बिहार के गोपालगंज जिले में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद पर निशाना साधा। शाह ने साफ तौर पर कहा कि जो लोग गायों का चारा खाते हैं, वह बिहार के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते। गोपालगंज जिले में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, केंद्र और बिहार दोनों जगह की राजग सरकारें राज्य के समग्र विकास के लिए काम कर रही हैं। जो लोग जानवरों का चारा खाते हैं, वे राज्य के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते। लालू जी अलकतरा घोटाला, बाढ़ राहत सामग्री आपूर्ति घोटाला, चरवाहा विद्यालय घोटाला में शामिल थे, उन्होंने गायों का चारा भी खाया। अलकतरा घोटाला किया, बाढ़ राहत घोटाला किया, रेलवे में घोटाला किया, मिट्टी घोटाला किया, चारा घोटाला किया, नौकरी के बदले जमीन लिया। घोटालों का नया कीर्तिमान बनाने का कामज भाजपा नेता ने लालू-राबड़ी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, %यहां (बिहार) लालू-राबड़ी सरकार और केंद्र में सोनिया-मनमोहन सरकार ने बिहार के लिए कुछ नहीं किया। लालू प्रसाद ने सिर्फ अपने परिवार के लिए काम किया। उन्होंने कहा, लालू प्रसाद ने अपने दोनों बेटों को मुख्यमंत्री बनाने की कोशिश की। अपनी पत्नी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने की तैयारी कर रहे हैं, अपनी बेटी को राज्यसभा भेजा, लेकिन लोगों के लिए कुछ नहीं किया। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राजग सरकार बिहार के समग्र विकास के लिए काम कर रही है। शाह ने कहा कि अगले पांच सालों में बिहार को बाढ़ मुक्त बना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बिहार में देवी सीता के जन्मस्थान (पुनौरा धाम) पर एक विशाल मंदिर का निर्माण भी कर रही है। सीतामढ़ी शहर से लगभग पांच किलोमीटर पश्चिम में स्थित पुनौरा धाम में बड़ी संख्या में तीर्थयात्री आते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 13 दिसंबर 2023 को पुनौरा धाम जानकी मंदिर के समग्र विकास के लिए आधारशिला रखी थी।

## राजनीति

आज हम देख रहे कि भारत कैसे

# गुलामी की मानसिकता को तोड़ कर आगे बढ़ रहा : मोदी

**मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को गुड़ी पड़वा के दिन नागपुर पहुंचे। यहां उन्होंने रेशिमबाग स्थित आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के स्मारक का दौरा किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मोदी ने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मोदी के इस दौरे को यादगार बनाने के लिए भाजपा ने 47 स्थानों पर उनके स्वागत की तैयारी की थी। इस दौरान पीएम मोदी एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित भी किया।**



उन्होंने कहा कि जब प्रयासों के दौरान मैं नहीं हम का ध्यान होता है, जब राष्ट्र प्रथम की भावना सर्वोपरि होती है, जब नीतियों में, निर्णयों में देश के लोगों का हित ही सबसे बड़ा होता है, तो सर्वत्र उसका प्रभाव भी नजर आता है। आज हम देख रहे हैं कि भारत कैसे गुलामी की मानसिकता को तोड़ कर आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारा शरीर परोपकार के लिए ही है, सेवा के लिए ही है और जब ये सेवा संस्कारों में आ जाती है तो सेवा ही साधना बन जाती है। यही साधना तो हरेक स्वयंसेवक की प्राणवायु होती है। ये सेवा संस्कार, ये साधना, ये प्राणवायु... पीढ़ी दर पीढ़ी हर स्वयंसेवक को तप-तपस्या के लिए प्रेरित कर रही है। ये सेवा साधना हर स्वयंसेवक को निरंतर गतिमान रखती है, ये कभी थकने और रुकने नहीं देती है। हम देव से देश और राम से राग के जीवन मंत्र लेकर चले हैं। अपना कर्तव्य निभाते चलते हैं। इसलिए बड़ा छोटा कैसा भी काम हो, कोई भी क्षेत्र हो... संघ के स्वयंसेवक निस्स्वार्थ भाव से काम करते हैं। संघ के शताब्दी वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे को बेहद अहम माना जा रहा है।

## नव संवत्सर, गुड़ी पड़वा



नव संवत्सर, विक्रम संवत-2082 की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं ढेरों शुभकामनाएं! यह नव वर्ष आपके जीवन में सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे, आपके सभी संकल्प सिद्ध हों, प्रभु श्री राम से यही प्रार्थना है। चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा को गुड़ी पड़वा या वर्ष प्रतिपदा या उगादि ( युगादि ) कहा जाता है। इस दिन हिन्दु नववर्ष का आरम्भ होता है। 'गुड़ी' का अर्थ 'विजय पताका' होता है। कहा जाता है कि इसी दिन ब्रह्माजी ने सृष्टि का निर्माण किया था। इसमें मुख्यतया ब्रह्माजी और उनके द्वारा निर्मित सृष्टि के प्रमुख देवी-देवताओं, यक्ष-राक्षस, गंधवारें, ऋषि-मुनियों, नदियों, पर्वतों, पशु-पक्षियों और कीट-पतंगों का ही नहीं, रोगों और उनके उपचारों तक का भी पूजन किया जाता है। इसी दिन से नया संवत्सर शुरू होता है। अत: इस तिथि को 'नवसंवत्सर' भी कहते हैं। चैत्र ही एक ऐसा महीना है, जिसमें वृक्ष तथा लताएं पल्लवित व पुष्पित होती हैं। शुक्ल प्रतिपदा का दिन चन्द्रमा की कला का प्रथम दिवस माना जाता है। जीवन का मुख्य आधार वनस्पतियों को सोमरस चन्द्रमा ही प्रदान करता है। इसे औषधियों और वनस्पतियों का राजा कहा गया है। इसीलिए इस दिन को वर्षारम्भ माना जाता है। %प्रतिपदा' के दिन ही पंचांग तैयार होता है। महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने इसी दिन से सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीने और वर्ष की गणना करते हुए 'पंचांग' की रचना की।

# कर्मश्री कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवियों ने किया कविता पाठ, थिरके हजारों श्रोता

भोपाल

गुडी पड़वा का नया साल बहुत अच्छा है, मुस्करा के कहो कि हाल बहुत अच्छा है, कोई जब शहरों के बारे में पूछता मुझसे, तो मैं कहता हूँ कि भोपाल बहुत अच्छा है। भोपाल की शान में यह कविता देश के नामचीन कवि दिल्ली से आए पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी ने शनिवार रात राजधानी के अटल पथ प्लेटिनम प्लाजा पर आयोजित कर्मश्री के अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में अपना शानदार कविता पाठ करते हुए प्रस्तुत की। कवि सम्मेलन का शुभारम्भ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश महामंत्री हितानन्द शर्मा, आयोजक संस्था कर्मश्री के अध्यक्ष, हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। हिंदू नववर्ष, गुड़ी पड़वा, चैती चांद के पावन पर्व पर कर्मश्री द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन कराने का यह परंपरागत 25 वाँ वर्ष है। कवि सम्मेलन में 30 हजार से अधिक श्रोताओं ने रात 9 बजे से 3 बजे तक मंत्र मुग्ध होकर कवियों की प्रस्तुति का आनंद लिया। कवि सम्मेलन में आए कवियों ने एक से बढ़कर एक कविताओं का पाठ किया। लखनऊ से आई प्रख्यात कवि कविता तिवारी ने अपनी कविता पाप के पुंज जिनको घेरे हैं, उनके जीवन में बस अँधेरे हैं, राम का नाम जप अरे मूरख, राम मेरे हैं राम तेरे हैं का पाठ कर पूरे माहौल को राममय कर दिया। इसी प्रकार पद्मश्री सुरेंद्र दुबे ने अपनी प्रस्तुति जहां तेरा



वजूद किस्तों में बिकता है, बावला है कविता लिखता है, गरीबी के लिए बिक, महंगाई के लिए बिक, बेकारी के लिए बिक,अगर बच जाय जिंदा,तो कविता लिख सुनाकर खूब तालियां बंटोरी। हास्य रस के कवि सुदीप भोला ने अपनी रचना पापा ने हैप्पी बद्दे पर मोबाइल दिलवाया था, ऑनलाइन हो गई पढ़ाई ,किश्तों पर मंगवाया था, पढ़ो बेटियों बढ़ो बेटियों उनने मन में ठाना था, दुनियां कर लेगी मुट्ठी में दुनिया को दिखलाना था,उसी मोबाइल से वो लड़की इंस्टाग्राम चलाती है, पढ़ती नहीं पढ़ाती है दिन भर रील बनाती है सुनकर वर्तमान परिस्थिति पर व्यंग्य किया। वाराणसी से आए डॉ.अनिल चौबे ने दो भाइयों के क्लेश में माई निकल गयी, रिश्ते की सारी दूध मलाई निकल गई,सप्ताह भर के इश्क़ के चक्कर में दोस्तों, अपनी महीने भर की कमाई निकल गयी सुनकर श्रोताओं ने खूब ठहाके लगाए। बाराबंकी से आए ख्यातनामा कवि विकास बौखल ने अपनी रचना किसी खंजर से ना तलवार से जोड़ा जाए, सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाए,ये किसी शख्स को दोबारा ना मिलने पाए, प्यार के रोग को आधार से जोड़ा जाए से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। उत्तराखंड से आई कवि गौरी मिश्रा की प्रस्तुति गुड़ी पड़वां ने बिखराई नए इस साल की खुशबू, ज्यों आती है प्रसादी के किसी इक थाल की खुशबू, मैं झीलों के शहर आई हूं झीलों की नगरिया से, मिले भोपाल की खुशबू में नैनीताल की खुशबू से श्रोताओं को उत्साहित कर दिया। कवि सम्मलेन में शशिकांत यादव शशि, देवास, अमन अक्षर फिल्मी गीतकार इंदौर, श्वेता सिंह गीज गज) बड़ौदरा और मुकेश मासूम (हास्य पैराडी) खातेगांव आदि कवियों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। कवि सम्मेलन का मंच संचालन शशिकांत यादव शशि देवास द्वारा किया गया।

# हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर नरेला विधानसभा में की भव्य आतिशबाजी




**भोपाल।** नरेला विधानसभा क्षेत्र में हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर भव्य आतिशबाजी और विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सभी नागरिकों को हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्रि एवं गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दीं। मंत्री श्री सारंग ने अपने संबोधन में कहा, हिंदू नववर्ष हमारे लिए नई ऊर्जा और नई प्रेरणा लेकर आता है। यह पर्व हमें अपने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का अवसर प्रदान करता है। मैं सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना करता हूं। कार्यक्रम में भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, नरेला विधानसभा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन नरेला विधानसभा अंतर्गत प्रभात चौराहे पर किया गया, जहां रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने आसमान को जगमगा दिया। इस अद्भुत नज़ारे को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उमड़े। आतिशबाजी के साथ-साथ भजन संध्या का आयोजन भी किया गया, जिसमें भक्ति रस में सराबोर संगीत प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। जयकारों और भजनों की गूंज से समूचा क्षेत्र भक्तिरस में डूब गया। श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ नववर्ष का स्वागत किया।

## न्यू मार्केट में चैती चांद की पूर्व संध्या पर केसरिया गुब्बारे उड़ाकर नव वर्ष का स्वागत किया

**भोपाल।** न्यू मार्केट सिंधी समाज द्वारा चैती चांद की पूर्व संध्या पर आयोजित शोभयात्रा मे न्यू मार्केट में केसरिया गुब्बारे उड़ाकर नव वर्ष का स्वागत किया गया। न्यू मार्केट सिंधी समाज अध्यक्ष पवन वरदानी एवम प्रवक्ता अजय देवनानी ने बताया की बड़ी संख्या मे उपस्तिथ धर्मयात्रियो ने भारत माता की जय,स्वागत हैं भाई स्वागत है नव वर्ष का स्वागत है के जयघोष के साथ चैती चाँद, नवसंवत्सर, गुड़ीपड़वा एवम चैत्र नवरात्रि की सभी को शुभकामनाएं प्रदान की।

## संस्कृति बचाओ मंच ने हिंदू नव वर्ष पर भगवा ध्वज फहराए, तिलक लगाकर दी हिंदुओं को बधाई



**भोपाल।** संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि आज भोपाल में वर्ष प्रतिपदा हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर पर 51 जगह संस्कृति बचाओ मंच ने भगवा ध्वज फहराये व हिंदू सनातनियों को तिलक लगाकर हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की आज के दिन से ही हमारा सनातन धर्म का हिंदू नव वर्ष प्रारंभ हो रहा है संस्कृति बचाओ मंच में सभी हिंदू धर्म के लोगो से अपने घर भगवा ध्वज लगाने की अपील की

## जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम




**भोपाल।** कलियासोत डेम पर राज्य स्तरीय 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, जिला अध्यक्ष रविंद्र यति, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण, जोन अध्यक्ष बृजुला सचान, पार्षद शिरोमणि शर्मा, अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान , अधिकारी गन एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## महिला जागौरी समिति ने भगवा गमछा पहनाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी




**भोपाल।** हिन्दू नव वर्ष गुड़ी पड़वा चैत्र नवरात्रि पर पर महिला जागौरी समिति द्वारा सोना मेडिकल के पास ,लोगों को माथे पर तिलक हाथ में रक्षा सूत्र , ओर भगवा गमछा पहनाकर नव वर्ष की शुभकामनाए दे रही हे और पक्षियों के लिए पानी के सकोरे वितरण किए गए। अध्यक्ष साधना नन्दू यादव महिला जागौरी समिति, सोनाली, लता गीते , मोना चौरसिया रानी लोधी, संगीता, गायत्री कुशवाहा उपस्थित रहे

### विधायक सबनानी ने किया यूरोलॉजी शिविर का अवलोकन

## सिद्ध भाऊ ने देवी प्रतिमा का माल्यार्पण कर शिविर का औपचारिक शुभारंभ किया



**संत हिरदाराम नगर।** विधायक भगवानदास सबनानी ने सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में आयोजित 100वें नि:शुल्क यूरोलॉजी शिविर में रोगियों से भेंट की। विधायक ने मरीजों से शिविर की उपचार गुणवत्ता, सेवा और देखभाल के बारे में जानकारी ली। रोगियों ने सबनानी को बताया कि यहां की उपचार गुणवत्ता और सेवा अद्वितीय है। सबनानी अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में भी गए। शिविर में किये जा रहे उपचार और दी जा रही सेवा सुविधाओं के सम्बंध में सबनानी ने कहा कि यह परमहंस संत हिरदाराम साहिब का ही पुण्यप्रताप है कि पीड़ित मरीजों को मुफ्त में उच्च गुणवत्ता चिकित्सा सुविधाएं सुलभ हो रही हैं। इस अवसर पर मैनेजिंग ट्रस्टी ए.सी. साधवानी, सचिव हीरो ज्ञानचंदानी, ट्रस्टी महेश दयारामानी, तुलसी आडवानी, राजकुमार मूलचंदानी और सुरेश आवतरामानी, संत सेवक एल.सी. जनियानी भी विधायक के साथ थे। इसके पूर्व संत सिद्ध भाऊ ने शिविर में आए सभी डॉक्टर्स के साथ देवी प्रतिमा और साधू संतो के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर शिविर का औपचारिक शुभारम्भ किया। यूरोलॉजिस्ट्स द्वारा पहले दिन 40 रोगियों की सफल शल्य क्रियाएं की गई। इनमें प्रोस्टेट के 9, किडनी में पथरी के 11, ब्लेडर में पथरी के 2, हाइड्रोसिल के एक, हर्निया के 9, सर्कमसीशन के 3, सिस्ट के 5 तथा यूरेथ्रोप्लास्टी के एक ऑपरेशन किए गए। ये ऑपरेशन सुविख्यात यूरोलॉजिस्ट डॉ. अमर सिंह, डॉ. जीतेन्द्र अमलानी, डॉ. दर्शन शाह, डॉ. नीरज शर्मा, डॉ. प्रशान्त जैन, डॉ. अमीश मेहता, डॉ. गौरव बवादिया, डॉ. हीत अमलानी, डॉ. सी.पी. देवानी, डॉ. प्रवीण बलदानियां, डॉ. विकास कौशिक, डॉ. कविता और डॉ. श्याम लालचंदानी, डॉ. नरेश हिमथानी, डॉ. दीपक झांगियानी और डॉ. दीपक राज्यगुरू ने किए।

# सम्पूर्ण स्वास्थ्य और उन्नाति के लिए शक्तिशाली प्रभावशाली साधन जप योग: योग गुरु महेश अग्रवाल

भोपाल

आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने सभी को सपरिवार हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत्सर 2082 एवं चैत्र नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नव वर्ष हम सभी के जीवन में सुख , शांति , यश , उत्तम स्वास्थ्य , समृद्धि और सौभाग्य लाये। इस अवसर पर जप योग के बारें में बताया कि संस्कृत भाषा में जप का शाब्दिक अर्थ है - भगवन्नाम की पुनरावृत्ति। विश्व के समस्त धर्मों में भगवान के नाम की पुनरावृत्ति के अभ्यास को दैनिक धार्मिक अनुष्ठान हेतु निर्धारित किया गया है। जप एक अत्यन्त शक्तिशाली कार्यसाधक के रूप में माना गया है, जो साधक को परमानन्द और मोक्ष के उन अन्तिम क्षेत्रों तक पहुँचने में समर्थ बनाता है, जिन्हें समस्त मनुष्य कभी-न-कभी प्राप्त करने की अभीप्सा रखते हैं। इसलिए वर्तमान युग में जब मनुष्य जीवन-मूल्यों के प्रति अपनी सारी समझ खो चुका है और गलत मार्ग पर अग्रसर है, ऐसे समय में सांसारिक दुःखों से छुटकारा दिलाने के लिए जप या भगवान का नाम ही शक्तिशाली एवं प्रभावशाली साधन है। इस प्रकार बन्धन से



मुक्त होने के लिये जप को सुगम विधि माना जाता है।योग गुरु अग्रवाल ने बताया पवित्र शब्द ? सर्वशक्तिमान् ईश्वर का प्रतीक है तथा आत्म-प्रकाश की खोज करने वाले साधकों को इस मन्त्र का मात्र उच्चारण ही नहीं करना चाहिए, वरन् इसके अर्थ पर भी चिन्तन करना चाहिए। अत: स्पष्ट है कि जप को एक यौगिक अभ्यास माना गया है। इसलिये इसकी व्याख्या करते समय जप योग शब्द का प्रयोग किया गया है।

## कुर्रा 2 अप्रैल को मोती मस्जिद भोपाल में निकाला जाएगा

भोपाल। हज 2025 के लिये जाने वाले भोपाल, रायसेन व सीहोर के हज यात्रियों के लिये मक्काह मुकर्रमा में स्थित भोपाल रूबात में ठहरने के लिये कुर्रा 2 अप्रेल बुधवार को सुबह 8. 30 बजे मोती मस्जिद भोपाल में निकाला जाएगा। इस अवसर पर काजी-ए-शहर भोपाल एवं मुफ्ती-ए-शहर भोपाल उपस्थित रहेंगे। हज 2025 के लिये जाने वाले हाजियों से इस मौके पर मौजूद रहने की गुजारिश है। इस साल इंशा अल्लाह मक्काह मुकर्रमा की भोपाल रूबात में 200 हाजियों के ठहरने का इन्तेजाम किया जायेगा। यह जानकारी प्रशासनिक प्रबंधक औकाफे शाही भोपाल ने दी।

# सीबीआई ने भूपेश बघेल के ओएसडी रहे आशीष वर्मा के घर पर मारा छापा

**रायपुर।** पूर्व सीएम भुपेश बघेल के OSD आशीष वर्मा के भिलाई निवास पर छापा मारा है। इससे पहले 26 मार्च को सीबीआई ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास सहित 33 से अधिक जगहों पर छापेमारी की थी। इस दौरान सीबीआई ने भिलाई के वसुंधरा नगर स्थित आशीष वर्मा के घर पर भी दबिश दी थी, लेकिन वे उस वक्त घर पर नहीं थे। 26 मार्च को छापेमारी के दौरान सीबीआई ने वर्मा के घर को सील कर दिया था। इसके बाद आशीष वर्मा की अपील पर शनिवार को उनका घर खोला गया और घर खुलते ही सीबीआई की टीम ने छापेमार कार्रवाई शुरू कर दी। उल्लेखनीय है कि सीबीआई की टीम ने 26 मार्च को तड़के रायपुर, भिलाई समेत दो दर्जन से अधिक स्थानों पर छापेमारी की थी। जिन प्रमुख लोगों के ठिकानों पर कार्रवाई हुई, उनमें पूर्व सीएम भूपेश बघेल और उनके राजनीतिक सलाहकार विनोद




वर्मा, सीएम सचिवालय में उप सचिव रहीं सौम्या चौरसिया, विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, सीबीआई अधिकारी आनंद छाबड़ा, अभिषेक पल्लव, आरिफ शेख, प्रशांत अग्रवाल, एडिशनल एसपी अभिषेक महेश्वरी, एडिशनल एसपी संजय ध्रुव, चक्र ग्रुप के प्रशांत त्रिपाठी, मनीष बंछोर व आशीष वर्मा, निरीक्षक गिरीश तिवारी सहित 33 से अधिक ठिकाने शामिल हैं।

# इंदौर में अरिजीत सिंह का कॉन्सर्ट होगा सबसे महंगा

**इंदौर।** इंदौर में 19 अप्रैल 2025 को होने वाले अरिजीत सिंह के कॉन्सर्ट को लेकर दर्शकों में भारी उत्साह है। यह आयोजन इंदौर का अब तक का सबसे महंगा शो माना जा रहा है, जिसमें टिकट की कीमतें 3,500 से लेकर 49,999 तक हैं। कुल मिलाकर 15,000 से अधिक टिकट उपलब्ध हैं, जिससे अनुमानित 15 करोड़ से अधिक की कमाई होने की संभावना है। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, इस आयोजन के लिए अभी तक मंजूरी का कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, न ही मनोरंजन कर का भुगतान किया गया है। पिछले अनुभवों को देखते हुए, जैसे दिलजीत दोसांझ के इंदौर कॉन्सर्ट के बाद आयोजकों पर मनोरंजन कर न चुकाने के कारण कार्रवाई की गई थी, यह आवश्यक है कि अरिजीत सिंह के कॉन्सर्ट के आयोजक समय पर सभी आवश्यक अनुमतियाँ और कर भुगतान सुनिश्चित करें। दर्शकों को सलाह दी जाती है कि वे टिकट खरीदते



समय आयोजकों की विश्वसनीयता और सभी आवश्यक अनुमतियों की पुष्टि करें, ताकि किसी भी असुविधा से बचा जा सके। इंदौर में 19 अप्रैल 2025 को होने वाले अरिजीत सिंह के लाइव कॉन्सर्ट की टिकट दरें और अनुमानित कमाई इस प्रकार है वीवीआईपी लाउंज 9,999 प्रति टिकट (कुल टिकट संख्या नहीं बताई गई)। डायमंड 44,999 प्रति टिकट, कुल 1,000 टिकट, अनुमानित कमाई ?5 करोड़। प्लेटिनम 13,499 प्रति टिकट, कुल 4,000 टिकट, अनुमानित कमाई ?5.4 करोड़। गोल्ड 6,999 प्रति टिकट, कुल 5,000+ टिकट, अनुमानित कमाई 3.5 करोड़। सिल्वर- 3,500 प्रति टिकट, कुल 6,000+ टिकट, अनुमानित कमाई 2 करोड़। कुल अनुमानित कमाई 15 करोड़ से अधिक। यह इंदौर का अब तक का सबसे महंगा कॉन्सर्ट माना जा रहा है।

# अप्रैल से बढ़ेंगे खेती की जमीन से लेकर फ्लैट के दाम

भोपाल

मध्य प्रदेश में आगामी 1 अप्रैल से कलेक्टर गाइडलाइन में औसतन 8 से 10 प्रतिशत तक वृद्धि की योजना बनाई गई है। राजधानी भोपाल में यह बढ़ोतरी 14 प्रतिशत तक हो सकती है, जबकि इंदौर में यह 30 प्रतिशत तक प्रस्तावित की गई है। यह बदलाव केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक में मंजूरी मिलने के बाद लागू होगा। इस बढ़ोतरी के साथ रजिस्ट्री शुल्क और संपत्ति की कीमतें भी महंगी हो जाएंगी, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त वित्तीय दबाव पड़ सकता है।

2024-25 की गाइडलाइन में भी लगभग 7 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। लेकिन इस बार की गाइडलाइन में प्रस्तावित दरें अपेक्षाकृत अधिक हैं। इसके साथ ही कुछ अदृश्य उपबंधों को भी लागू किया जाएगा, जिनका असर सीधे रजिस्ट्री की लागत पर पड़ेगा। कृषि भूमि की रजिस्ट्री की कीमत में तो दोगुना इजाफा हो सकता है, वहीं फ्लैट्स की रजिस्ट्री की कीमत भी डेढ़ गुना तक बढ़ सकती है। इस प्रकार, संपत्ति की रजिस्ट्री की लागत में यह वृद्धि न केवल रियल एस्टेट निवेशकों के लिए, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी चिंता का विषय बन सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम और विंसेंट डेनियल प्रकरण की सुनवाई के दौरान एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि सर्किल रेट्स या गाइडलाइन रेट्स को वैज्ञानिक, विशेषज्ञ-आधारित और वास्तविक बाजार मूल्य को प्रतिबिंबित करने वाली पद्धति से तय किया जाना चाहिए। इसका मतलब यह है कि इन दरों को कृत्रिम रूप से बढ़ाए जाने से बचना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी एक तरह से (कंफेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) की लंबे समय से उठाई जा रही मांग का समर्थन करती है, जिसमें गाइडलाइन रेट्स को सही तरीके से और पारदर्शी ढंग से निर्धारित करने की आवश्यकता जताई गई थी।

भोपाल सीआरईडीएआई के अध्यक्ष मनोज मीक ने इस मुद्दे पर कहा कि गाइडलाइन रेट्स की वृद्धि से रजिस्ट्री की लागत में भारी इजाफा हो रहा है। यह लगातार बढ़ोतरी रियल एस्टेट के क्षेत्र में और आम नागरिकों के लिए एक चुनौती बन गई है। क्रेडाई के प्रदेश अध्यक्ष धीरेश खरे ने भी इस मुद्दे पर अपनी आपत्ति जताते हुए कहा कि सरकार को वैज्ञानिक तरीके से दरों को बढ़ाना चाहिए, ताकि यह वृद्धि ज्यादा वाजिब और न्यायसंगत हो। मध्य प्रदेश के रजिस्ट्री अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान में सभी जिलों की गाइडलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से निर्धारित की जा रही है। केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड जल्द ही इन रेट्स पर निर्णय लेगा। जिलों की मूल्यांकन समितियाँ रजिस्ट्री के विश्लेषण और सालभर में हुई रजिस्ट्री के आधार पर दरें तय करती हैं।



पूर्व पर्व आईपीएस अधिकारी एन के त्रिपाठी इन दिनों वियतनाम की यात्रा पर हैं।

# महापुरुषों की तपोस्थली अति पावन धरा, सभी धर्मों के आस्था स्थल धार्मिक नगरी हुई तीर्थ क्षेत्र घोषित

### विंध्याचल पर्वत पर विराजमान माता का मंदिर सरकार ने किया तीर्थ क्षेत्र घोषित पूरे शहर में धर्मस्य कानून भी लागू हो

**बाड़ी।** नगरवासियों के लिए यह गौरव की बात हैं हम उस नगरी में जन्म लिए जो संत महात्माओं की तपोस्थली कहलाती हैं। अभी तक इस नगरी में कभी कुदृष्टि की छाया भी नहीं पड़ी और सभी लोग अमन चैन से रहते हैं।

**प्रकृति की गोद में बसा है शहर**

शहर में नगर पंचायत परिषद में 15 वार्डों में आपको धार्मिक स्थलों के दर्शन कराते हैं। वार्ड क्रमांक 15 में विंध्यवासिनी देवी का मनमोहक मंदिर के परिसर में प्रवेश करते ही आपको कुदरत की कारीगरी व मंदिर संचालनकर्ता की मेहनत नजर आयेंगी। मंदिर चढ़ने के लिए सीढ़ियों पर (चेत्र नवरात्रि)ग्रीष्म ऋतु की तेज धूप का नंगे पैरों में अहसास न हो इसके लिए पूरी सीढ़ियों पर कालीन ऊपर धूप से बचाने के लिए नेटजाली जगह जगह पेयजल के नल लगे हैं। मंदिर परिसर के द्वार प्रवेश करते ही दोनों और फलदार पेड़ों वृक्ष की शीतल छाया में मन और शरीर की सारी थकावट खत्म हो जाती। माता जी दर्शन करने के बाद आप जब शहर की और रुख करते हैं तो बाड़ी शहर प्रवेश करती ही नहर के पास सुप्रसिद्ध बालाजी सरकार का मंदिर हैं जिसमें चमत्कार और नवरात्रि दशहरा पर मेला जैसा लगता हैं। बहां के दर्शन पश्चात आपको शटल डेम जो क्षेत्र के किसानों के लिए जीवनदायिनी से बढ़कर हैं इसके पहाड़ी के ऊपर सिद्ध बाबा का मंदिर दूर से नजर आ जायेगा यह मंदिर भी मन को शांति और समृद्धि से परिपूर्ण करता हैं। उसके बाद मुख्य बांध के दर्शन कीजिए ऐसा लगता हैं हम समुद्र के किनारे खड़े हो।

बारना बांध के पास ही हजरत गुलाब शाह बाबा की दरगाह है, जो धार्मिक सौहार्द की मिसाल है. यहां पर हर वर्ष उर्स भराता हैं जिसमें आसपास के अंचलों से हजारों लोग आते हैं। उसके बाद भुजी का मंदिर, भूतेश्वर महादेव शनि मंदिर, गौड़ राजा के किले में श्रीजी मंदिर,जैन धर्म का अति प्राचीन बड़े बाबा का अतिशय क्षेत्र, राधा बल्लभ मंदिर फिर शक्ति पीठ के रुप में जगत जननी मां हिंगलाज माता का मंदिर बाड़ी कलां को संतों की तपोस्थली के रुप पहचान दिलाता हैं इस राम जानकी खाकी अखाड़ा मंदिर में आजादी से पहले नवाबी शासनकाल में मंदिर के रख रखाव और खर्च चलाने के लिए लगभग सो एकड़ भूमि दी गई थी, इस मंदिर में संस्कृत विश्वविद्यालय भी संचालित किया जा रहा।

बारना नदी तट पर हनुमानजी का मंदिर और मस्जिद भी शहर के भाईचारे की मजबूती का अहसास करते हैं। बाड़ी खुर्द में सिख धर्म का गुरुद्वारा और थोड़े आगे पंच मुखी हनुमान जी मंदिर। नगर की चारों दिशाओं में संतों की तपोस्थली और देवस्थान होने से नगर आज भी अमन चैन से हैं।



## जिले में सभी निकायों और ग्राम पंचायतों में शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान



**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में भी सभी निकायों और ग्राम पंचायतों में वर्षा जल के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य के साथ 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा जिले में अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक स्तर पर दल गठित किए गए हैं तथा अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। कलेक्टर विश्वकर्मा द्वारा नागरिकों से भी अपील की गई है कि जल के संरक्षण और संवर्धन हेतु चलाए जा रहे इस अभियान में सहभागी बनें।

जिले में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संचय की विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएगी। जिसमें जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, नवीन जल संरचनाओं का निर्माण तथा पूर्व से निर्मित संरचनाओं की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार, जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम, स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना, जल स्त्रोतों और जल संरचनाओं के आसपास फलदार पौधों के रोपण और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने सहित अन्य गतिविधियां की जाएगीं। अभियान के तहत जिले के सभी जनपद पंचायतों में जल चौपाल का भी आयोजन किया जाएगा। स्कूलों में जल संरक्षण और संवर्धन विषय पर निबंध लेखन, पेन्टिंग सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। बच्चों को जल संरक्षण का महत्व बताते हुए जल का अपव्यय रोकने जागरूक किया जाएगा। साथ ही बच्चों द्वारा अपने माता-पिता को जल संरक्षण और संवर्धन हेतु प्रेरित करने चिट्ठी भी लिखी जाएगी।

## इतवारी-छिंदवाड़ा के मध्य रेल परिवहन हेतु रेल मार्ग प्रारंभ

**छिंदवाड़ा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के इतवारी-छिंदवाड़ा रेल मार्ग के भंडारकुंड- भिमलगुंडी खंड में महत्वपूर्ण निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। आज 3×18.3 मीटर कम्पोजिट स्टील गर्डर से निर्मित पुल नंबर 94 को चालू कर दिया गया है। इस पुल का निर्माण लगभग 40 मीटर गहरे पाइल फाउंडेशन पर किया गया है, जो रिकॉर्ड समय में मात्र छह महीने से भी कम अवधि में पूरा हुआ है। इस महत्वपूर्ण परियोजना पर लगभग 29 करोड़ रुपये की लागत आई है। यह पुल पहाड़ी धंसने और हिलने के कारण प्रभावित हो चुके ब्लॉक सेक्शन के पुनर्निर्माण का हिस्सा था, जिसे गेज परिवर्तन के दौरान 1×3×5.5 मीटर के छोटे पुल के साथ विकसित किया गया था। अब इस नए पुल के चालू होने से इस मार्ग पर सामान्य यात्री और मालगाड़ी सेवाएं बहाल हो जाएंगी। इतवारी से छिंदवाड़ा के मध्य रेल कनेक्टिविटी पुनः स्थापित हो जाएगी और यात्री गाड़ियों के संचालन को 1 अप्रैल से बहाल करने का प्रस्ताव है, जिससे इस क्षेत्र के यात्रियों को सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी।

## पुलिस लाइन छिंदवाड़ा में बलवा परेड का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस लाइन छिंदवाड़ा में पुलिस द्वारा बलवा परेड का आयोजन किया गया। यह परेड पुलिस अधीक्षक अजय पांडे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस आयोजन में डीएसपी रामेश्वर चौबे, एसडीओपी जितेंद्र जाट, छ्स्क्अजय राणा, रक्षित निरीक्षक आशीष तिवारी थाना कोतवाली से उमेश गोलानी, कुंडीपुरा से मनोज बघेल, अमरवाड़ा, मोहखेड़, परासिया, पुलिस लाइन से सूबेदार लोहित, एवं अन्य थाना के थाना प्रभारी भी सम्मिलित रहे। इस अवसर पर पुलिस बल की सतर्कता और दक्षता को परखने के लिए मॉक ड्रिल एवं बलवा नियंत्रण संबंधी विभिन्न अभ्यास किए गए। परेड में उपस्थित अधिकारियों ने पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहने की अपील की। बलवा परेड के दौरान जवानों को अश्रु गैस सेल चलाने, उपद्रवियों से निपटने की रणनीति एवं बलवा बचाव उपकरण पहनकर आत्मरक्षा करने का प्रशिक्षण दिया गया।

## जिला माली समाज विकास परिषद की बैठक आज

**छिंदवाडा।** जिला माली समाज विकास परिषद के प्रचार मंत्री गणेश कारटे द्वारा बताया गया कि जिला माली समाज अध्यक्ष भाउराव चरपे ने बताया कि आज जिला माली समाज विकास परिषद की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन आज दिनांक 30.03.2023 दिन रविवार को दोपहर 2 बजे जिला माली समाज भवन बरारीपुरा छिंदवाड़ा में किया गया है। इस बैठक में आगामी 11 अप्रैल को आयोजित महात्मा फुले जयंती एवं भव्य वाहन रैली निकालने हेतु रणनीति बनायी जायेगी एवं सर्व सम्मति से प्रमुख प्रस्ताव पास किये जायेंगे।

## मेहलुआ गांव में टीवीएस क्रेडिट का 'चौपाल' कार्यक्रम

**विदिशा।** किसानों की सहायता और उनकी कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के उद्देश्य से टीवीएस क्रेडिट द्वारा एक विशेष 'चौपाल' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 31 मार्च 2025 को विदिशा जिले के मेहलुआ गांव में सार्थक ट्रैक्टर्स के सहयोग से किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन गांव के सरपंच श्री गोविंद सिंह के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य किसानों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य और कृषि संबंधी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान करना है।इस कार्यक्रम के तहत किसानों को मुफ्त आंखों की जांच की सुविधा दी जाएगी, जिससे वे अपनी दृष्टि संबंधी समस्याओं का समय पर समाधान कर सकें। इसके अलावा, उनके कृषि कार्यों को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए निःशुल्क ट्रैक्टर सर्विसिंग की भी व्यवस्था की गई है, जिससे उनके उपकरणों की कार्यक्षमता बनी रहे। इसके साथ ही, पुराने ट्रैक्टर और कृषि उपकरण खरीदने के लिए आसान ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि किसान अपनी जरूरत के अनुसार संसाधन जुटा सकें और कृषि उत्पादन को बढ़ा सकें।

## वीआई ने अशोकनगर में नए कॉल सेंटर के साथ मध्य प्रदेश में परिचालन का विस्तार किया

**अशोकनगर।** भारत की अग्रणी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया ने मध्य प्रदेश के अशोकनगर में एक नया कॉल सेंटर खोलने की घोषणा की। यह स्थानीय अर्थव्यवस्था में कंपनी द्वारा किया गया एक महत्वपूर्ण निवेश है, जिसके परिणामस्वरूप स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसके अतिरिक्त, कॉल सेंटर संचालन की शुरुआत के साथ ही, दूरसंचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने वी फाउंडेशन के वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम ÷जादू गिन्नी का÷ का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य लोगों को आवश्यक धन प्रबंधन कौशल से सशक्त बनाना है।Vi के संपर्क केंद्र भारत भर में कई स्थानों पर संचालित हैं, जिनमें लखनऊ, अहमदाबाद, कोलकाता, चेन्नई और मोहाली शामिल हैं। अशोकनगर में इसका नया 100-सीट केंद्र, विशेष रूप से मध्य प्रदेश सर्कल में अपने उपयोगकर्ताओं के लिए आवश्यक ग्राहक सहायता प्रदान करके परिचालन दक्षता और ग्राहक अनुभव को बढ़ाएगा। केंद्र में परिचालन में इनबाउंड और आउटबाउंड सेवाओं के साथ-साथ बैक-ऑफ़िस गतिविधियाँ भी शामिल होंगी।

# अलविदा के जुमे की नमाज में सैकड़ों लोगों ने अदा की जामा मस्जिद में नमाज

### इमाम साहब ने अमन शांति के लिए कराई दुआ

**सिरोंज।** आज रमज़ान के महीने का आखिरी जुमा था जिसको अलविदा का जुमा कहा जाता हे अलविदा के जुमे की नमाज मे मस्जिदों मे बहुत भीड़ देखने को मिली गांव, शहर सब जगह का आदमी मस्जिदों मे अलविदा के जुमे की नमाज पढ़ने के लिए सुबह से ही आ गए थे सभी लोग जुमे की नमाज से पहले मस्जिद मे आ कर अपनी अपनी नफ़्ल नमाजे पढ़ने मे व्यस्त रहे उसके बाद जुमे की नमाज पड़कर ही बाहर आए

जामा मस्जिद में जुमे की नमाज से पहले मौलवी जाहिद अली नदवी ने बयान करते हुए लोगों को इंसानियत के रास्ते पर चलने की बात कही उन्होंने कहा जैसे हम लोग रमजान मे बुरे कामों से बचते हे अच्छी बाते करते हे नमाज पाबंदी से पढ़ते हे किसी का बुरा करने का नहीं सोचते हे इसे ही हमे रमजान के बाद भी अच्छा इंसान बन कर जिंदगी गुजारना हे जैसे हमारे नबी मोहम्मद साहब ने जिंदगी गुजारने का तरीका हमे बताया हे उनके रास्ते पर चलकर हमारी जिंदगी कामयाब बनेगी मौलवी जाहिद अली नदवी ने जकात और फितरे पर बयान करते हुए बताया कि जिस इंसान पर ज़कात फ़र्ज़ हे उसे जल्द से जल्द ज़कात अदा करना चाहिए और ईद की नमाज़ से पहले सदका ए फितर अदा करना चाहिए जो घर के हर इंसान की तरफ से अदा किया जाता हे जामा मस्जिद मे अलविदा के जुमे की नमाज हाफ़िज़ मुईन उद्दीन ने पढ़ाई उसके बाद दुनिया मे अमन, शांति, भाईचारे की दुआ कराई जिस पर उपस्थित नमाजियों ने आमीन कहा ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के प्रदेश सचिव डॉक्टर वसीम ने बताया कि हर गरीब इंसान को भी ईद का त्यौहार मनाना हे गरीब भी अपनी ईद अच्छे से मना सके इंसान को अपनी जकात और सदका ईद से पहले निकाल देना चाहिए जिससे जिस गरीब तक आपकी जकात और सदका पहुंचे वो भी ईद की तैयारियां ईद से पहले कर ले ईद की खुशियों मे गरीबों का बहुत बड़ा हक़ होता हे



**इन मस्जिदों मे अदा की गई**

27 मस्जिदो, एवं तीन मदरसों मे नमाज हुई जामा मस्जिद, अरीठे वाली मस्जिद, कोर्ट वाली मस्जिद, मदरसा इस्लामिया मस्जिद, टोरी वाली मस्जिद, घेर वाली मस्जिद, मस्जिद नबी अकरम, सिविल कोर्ट वाली मस्जिद, नक्कास वाली मस्जिद कीड़ी, बड़ी मस्जिद, नाले वाली मस्जिद, फूल मस्जिद, कमन गिरान मस्जिद, नन्नी बी वाली मस्जिद, मदीना मस्जिद, कछवाड़े वाली मस्जिद, मेहंदिया मस्जिद, बड़ी मस्जिद नयापुरा, पुदीना वाली मस्जिद, रोहिल पूरा मस्जिद, ताज मस्जिद, मिर्दगान मस्जिद, दरिवालान मस्जिद,बिलाल मस्जिद, मुफ्ती साहब वाली मस्जिद, इकरा कालोनी वाली मस्जिद, मदरसा सईदिया, मदरसा रियाजुल इस्लाम, मदरसा उलूमूल क़ुरआन।

## ज्ञान ज्योति स्कूल नैनपुर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**नैनपुर।** विकास समिति द्वारा संचालित ज्ञान ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल नैनपुर का वार्षिक परीक्षा परिणाम समिति के अध्यक्ष श्री बेनीश्याम खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष श्री सत्यनारायण खण्डेलवाल, सचिव श्री जीवन लाल साहू उपसचिव श्री डॉ. राजेन्द्र पाठक, कोषाध्यक्ष श्री बंशीधर अग्रवाल की उपस्थिति में घोषित किया गया।

जिसमें शाला के अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम में कक्षावार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पूर्व-प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्तर में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थीयों के अभिभावकों द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले पूर्व प्राथमिक स्तर से प्रथम कक्षा नर्सरी से छात्र लव्यांश चुनवाने पिता श्री मनीष चुनवाने ने 99.92त्न अंक, प्राथमिक स्तर से कक्षा दूसरी से जानवी हरदहा पिता श्री मुकेश हरदहा ने 98.3त्न अंक, माध्यमिक स्तर से कक्षा सातवीं से आलिया जैनब पिता मो. इमाम बक्स ने 97.38त्न अंक, हाईस्कूल स्तर से कक्षा नवमीं से अवनि राजपूत पिता यशवंत सिंह राजपूत ने 96.7त्न अंक, एवं हायर सेकेण्डरी स्तर से कक्षा ग्यारहवी अंशिका साहू पिता श्री दीनदयाल साहू ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया। ज्ञात हो कि नैनपुर विकास समिति द्वारा प्रतिवर्ष कक्षा दसवीं और बारहवीं में मध्यप्रदेश की प्रवीण्य सूची में आने वाले छात्र-छात्राओं को 50 हजार रूपये एवं जिला प्रावीण्य सूची में 10 हजार रूपये की राशि तथा कक्षा पाँचवी और आठवी के प्रावीण्य सूची में आने वाले छात्र-छात्राओं को 5 हजार रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है।गणित के वरिष्ठ अध्यापक श्री एस. एन. अय्यर द्वारा माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्तर के गणित विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को एवं उनके शिक्षकों को पुरुस्कृत किया गया। और मंच संचालन श्री एम. एम. जायसवाल एवं श्रीमति रेखा रजक द्वारा किया गया। समारोह के अंत में समिति के सभी सदस्यों, शाला प्राचार्या श्रीमति एल. आर. शील, उच्च उच्चतर विभाग प्रभारी श्री एस. एन. अय्यर माध्यमिक विभाग प्रभारी प्रवीण नायडू प्राथमिक प्रभारी श्रीमति अनिता यादव एवं पूर्व प्राथमिक प्रभारी रेखा रजक ने सभी शिक्षकों को और समस्त छात्र-छात्राओं को बधाई प्रेषित की तथा निरंतर प्रयासरत् रहने की प्रेरणा दी।

### आईपी एल सट्टे पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 2 आरोपी पकड़ाए, लाखों का हिसाब और मोबाइल जब्त

**छिंदवाड़ा।** जिला पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के मार्गदर्शन में अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है,इसी क्रम में थाना प्रभारी कुंडीपुरा मनोज बघेल द्वारा मुखबिर सूचना पर आई .पी. एल. सट्टे पर कार्यवाही करते हुये दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर ऑनलाईन आईडी सहित 4 आई फोन मोबाईल 7,400 रुपये नगदी एवं लाखो रुपयो का हिसाब किताब जप्त कर आरोपियों पर प्रभावी कार्यवाही की गई।

दरअसल विगत दिवस मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि श्रीवास्तव कालोनी छिन्दवाड़ा का सौरभ अरोरा एवं ग्राम खापाभाट निवासी शिवम बड़खे उसके मोबाईल से क्रिकेट सट्टा की मास्टर आई डी से लोगो को सट्टा खिलाकर अवैध लाभ अर्जित कर रहे है जिसके मोबाइल में सट्टा का हिसाब किताब हैं,जो अभी दीनदयाल रसोई के पास गांधीरज में बैठकर हिसाब किताब देख रहे हैं,सूचना के बाद तत्काल कार्यवाही हेतु सउनि मनोज रघुवंशी के नेतृत्व में टीम गठित कर हमराह स्टाफ़ एवं गवाहों के साथ मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही की गई जहां सौरभ अरोरा पिता अजय अरोरा उम्र 31 साल निवासी श्रीवास्तव कालोनी छिन्दवाड़ा हाथ में रखे सेमसंग कंपनी का ए-04 ग्रे रंग का 4जी मोबाइल एवं एक वीवो कंपनी का 5जी मोबाईल मिला व शिवम पिता घनश्यास बड़खे उम्र 25 साल निवासी वार्ड नं 10 खापाभाट के हाथ में रखे एक ओप्पो कंपनी का 5 जी मोबाईल हरे रंग का व एक एम आई कंपनी का 10 आई 5जी मोबाईल मिला जिसमे सट्टा खिलाने की आई डी प्लेट फार्म पर क्रिकेट सट्टा आई डी खुली थी जिसमे सट्टा का लेन देन का हिसाब, मोबाईल लिंक में सट्टे के भाव तथा फोन पे के माध्यम से हिसाब किताब दिखाई दे रहे थे। सौरभ अरोरा व शिवम बड़खे के मोबाईल में मिले सट्टे के हिसाब किताब के सम्बंध में पूछताछ पर उक्त क्रिकेट सट्टा की मास्टर आई डी एक अन्य व्यक्ति के द्वारा 10प्रतिशत कमीशन पर देना बताया, आरोपियों के कब्जे से पास से नगदी 7,400 रुपये एवं 04 नग आईफोन मोबाईल जिस पर लाखो का हिसाब किताब मिला हैं उन्हें जप्त किया जाकर आरोपियो के विरुध्द धारा 4 (क) म.प्र. पब्लिक गेबंलिग एक्ट एवं धारा 49 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबध्द कर प्रभावी कार्यवाही की गई हैं। आरोपियों को पकड़ने में निरीक्षक मनोज बघेल,सउनि मनोज रघुवंशी,सतोष बघेल, प्रआर प्रदीप बघेल,आर,करण रघुवंशी,जीवन रघुवंशी (सायबर सेल) आदित्य रघुवंशी,नितिन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



## कायाकल्प के द्वितीय चरण में बनने वाले सीसी रोडों का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

**आष्टा।** नगरपालिका द्वारा नगर में अनवरत रूप से निर्माण और विकास कार्य जारी है, इसी के चलते नगर के वार्ड क्रमांक 15 सुभाष नगर के अतिरिक्त क्षैत्र में कायाकल्प अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत सीसी रोड़ का निर्माण कार्य जारी है। जिसका नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने वार्ड पार्षद तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा के साथ नपा के तकनीकी अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सीसी रोड़ निर्माण में उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री का भी निरीक्षण कर संबंधित ठेकेदार को उच्च गुणवत्ता का कार्य करने एवं निर्माण सामग्री मानक स्तर की उपयोग करने हेतु निर्देशित किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कायाकल्प अभियान के द्वितीय चरण में नगर के बढ़े हुए अतिरिक्त क्षैत्रों में विकास कार्य नगरपालिका द्वारा कराए जा रहे है जो निरंतर जारी रहेंगे। वर्तमान में नगर के सभी वार्डो में सीसी रोड़, नाली निर्माण, पाईप लाईन विस्तार जैसे विकास कार्य जारी है। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ पार्षद तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, उपयंत्री अनिल धुर्वे, सुभाष सिसौदिया, दीपक मेवाड़ा, आदर्श सुराना, गबू प्रजापति, अफसर खां, आकाश मेवाड़ा सहित अन्य वार्डवासीगण मौजूद थे।



# पुस्तक मेला गवाह है कि शिक्षा माफिया से मुक्त है जबलपुर

संस्कारधानी जबलपुर में 25 मार्च से 5 अप्रैल तक पुस्तक मेला लगा है। पुस्तक मेला में माता-पिता अपने बच्चों संग पुस्तकें खरीदने भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। हाथ में पुस्तक-स्टेशनरी का बैग लिए माता-पिता के चेहरों पर खुशी तैरती नजर आ रही है। दरअसल बात भी यही है कि यह पुस्तक मेला जबलपुर के शिक्षा माफिया से मुक्ति की गवाही दे रहा है। यह मुक्ति जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना और उनकी टीम के अथक प्रयासों की सफलता से मिल पाई है। यह प्रयास सीएम डॉ. मोहन यादव के उस ट्वीट की परिणति थे, जिसमें निजी स्कूलों द्वारा तय पुस्तक विक्रेता से पुस्तकें खरीदने को मजबूर किया जा रहा था। सीएम ने इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की इच्छा जताई थी और कलेक्टर दीपक सक्सेना ने सीएम की मंशा पर जो कार्यवाही की, वह पूरे प्रदेश और देश के लिए मिसाल बन गई। इसके साथ ही निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लग गया। और पिछले साल तक जो निजी स्कूल बच्चों को महंगी, फर्जी आईएसबीएन वाली किताबों का बोझ लादने को मजबूर करते थे, अब वे सस्ती और गुणवत्तायुक्त एनसीईआरटी की किताबें बच्चों को पढ़ाने की राह पर हैं। और इस पुस्तक मेला में जहां कॉपियों पर 50 प्रतिशत की छूट मिल रही है तो एनसीईआरटी की किताबें पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। और यह विशेष व्यवस्था भी यहां पर है कि जो माता-पिता एनसीईआरटी की किताबें खरीदने में असमर्थ हैं, उन्हें पुरानी किताबों का सेट सस्ते दाम में मुहैया कराया जा रहा है। और जाते-जाते अभिभावक जिला प्रशासन की इस मुहिम की सराहना कर आनंद का अनुभव कर रहे हैं। किताबों के दामों में पिछले साल की तुलना में हजारों रुपए का अंतर इस बात का गवाह है कि निजी स्कूल और पुस्तक व गणवेश विक्रेताओं के नेक्सस ने किस कदर बच्चों के माता-पिता की कमर तोड़ रखी थी।




संजय कुमार और सुरभि सिन्हा निजी स्कूल में पढ़ रहे चौथी और पांचवी कक्षा के बच्चों की किताबें खरीदने पुस्तक मेला में आए थे। उनकी दोनों बच्चों की किताबें 990 रुपए में आ गईं। पिछली बार किताबों का बजट 8000 पर पहुंचा था। निजी स्कूल ज्यादा दाम और फर्जी आईएसबीएन वाली किताबें खरीदने को मजबूर करते थे, जो जिला प्रशासन की कार्यवाही के बाद एनसीईआरटी की किताबें पढ़ाने को मजबूर हो गए हैं। वह बताते हैं कि इससे बच्चों के बैग का बोझ 15 किलो से घटकर 5 किलो पर आ गया है। राहत मिली है बच्चों को और उनके माता-पिता को भी।

तो रेल्वे में कार्यरत अमरीश कुमार सिंह और उनकी पत्नी आकांक्षा सिंह ने बताया कि उनके बच्चे दूसरी और छठवीं कक्षा में पढ़ते हैं। पिछले साल पहली क्लास में बच्चे की किताबें 2500 रुपए में आई थीं। इस बार 195 रुपए में आ गई हैं। जबलपुर के लगभग सभी निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें लागू हो गई हैं। पिछले साल निजी स्कूलों पर कलेक्टर ने जो कार्यवाही की है, वह अच्छी पहल है। प्रदेश के दूसरे जिलों में भी निजी स्कूलों पर कार्यवाही हो, तो प्रदेश के सभी बच्चों और उनके माता-पिता को राहत मिल सकती है। जो मां-बाप महंगी किताबों को एफोर्ड नहीं कर पाते, वह भी निजी स्कूलों की जबर्दस्ती से मजबूर हो जाते हैं। जबलपुर में अब सबके लिए समान व्यवस्था हो गई है।

जबलपुर में कलेक्टर दीपक सक्सेना की पहल पर पिछली साल भी अप्रैल माह में पुस्तक मेला लगा था। पर तब तक अभिभावक किताबें खरीद चुके थे। और निजी स्कूलों की किताबों को लेकर मनमानी जारी थी। इस बार का पुस्तक मेला गवाह है कि जबलपुर शिक्षा माफिया और निजी स्कूलों की मनमानी से मुक्त हो गया है। अब पुस्तक मेला को सरकार के निर्देश पर प्रदेश के दूसरे जिलों में लगाया जा रहा है, पर अभी दूसरे जिले निजी स्कूलों की मनमानी सहन करने को मजबूर हैं। मुख्यमंत्री जी एक बार जबलपुर आकर अभिभावकों के चेहरों की खुशी को देखिएज्आप महसूस करेंगे कि जबलपुर का पुस्तक मेला सब जिलों में लगे पर साथ ही निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाना भी जरूरी हैज्

## संपादकीय

### जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना सबसे बड़ी चुनौती

भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार को कोई छब्बीस साल बाद बजट पेश करने का मौका मिला है। इसमें उन सभी संकल्पों को धरातल पर उतारने का प्रयास है, जिनकी चर्चा वह चुनाव के दौरान या उससे पहले करती आई है। जनता से किए वादों की कसौटी पर यह बजट कितना साकार होगा, यह भविष्य बताएगा। फिलहाल नई सरकार ने पिछले वर्ष से कहीं अधिक, एक लाख करोड़ रुपए का बजट पेश कर अपना इरादा जता दिया है कि वह आने वाले समय में कैसी दिल्ली बनाना चाहती है। गौरतलब है कि इस बार का बजट परिव्यय 31.5 फीसद अधिक है। मगर सवाल यह है कि इस बढ़ी हुई राशि की व्यवस्था सरकार कहां से और कैसे करेगी। अलबत्ता उसने स्पष्ट कर दिया है कि वह दिल्ली को आत्मनिर्भर बनाने के साथ इसके बुनियादी ढांचे में बदलाव लाएगी। इसके लिए उसने बिजली-पानी और सड़क-सीवर सहित दस क्षेत्रों पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। वहीं वायु प्रदूषण से निपटने के लिए तीन सौ करोड़ का आबंटन कर साफ कर दिया है कि उसे नागरिकों की चिंता है। इसी के साथ यमुना सफाई की दिशा में कदम बढ़ाते हुए उसने अपना वादा निभाने की कोशिश की है। वर्षों से भाजपा उठाती रही है मुद्दा

दिल्ली सरकार के इस बजट में हर वर्ग को तरजीह देने का प्रयास दिखता है। इस बार पूंजीगत व्यय को दोगुना किया गया है। मगर इस खर्च की पूर्ति कैसी होगी, सरकार ने स्पष्ट नहीं किया है। दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा हमेशा गंभीर मुद्दा रही है। इसके लिए पूरी दिल्ली में पचास हजार सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ बस यात्रा के लिए महिलाओं को कार्ड जारी करने की पहल उचित ही है। इस बजट में सरकार ने कुछ लक्ष्य तय किए हैं। यह एक बड़ा दायित्व है। भाजपा वर्षों से दिल्ली के लिए कई मुद्दे उठाती आई थी। अब उसे साकार करने का अवसर मिला है। अगर वह दिल्ली को वादों के अनुरूप शहर बना पाती है, तो यह वाणिज्य और निवेश के लिहाज से भी महत्त्वपूर्ण बन जाएगा। इन सबके बावजूद सरकार को अपने वादे पूरे करने के लिए जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की चुनौती रहेगी।

**आज लगभग 4 करोड़ से अधिक भारतीय मूल के नागरिक विश्व के अन्य देशों में शांतिपूर्ण तरीके से रह रहे हैं एवं इन देशों की आर्थिक प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कई देशों में तो भारतीय मूल के नागरिक इन देशों के राजनैतिक पटल पर भी अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, आदि विकसित देश इसके प्रमाण हैं। आस्ट्रेलिया में तो भारतीय मूल के नागरिकों को राजनैतिक क्षेत्र में सक्रिय करने के गम्भीर प्रयास स्थानीय स्तर पर किए जा रहे हैं, क्योंकि अन्य देशों में भारतीय मूल के नागरिकों की इस क्षेत्र में सराहनीय भूमिका सिद्ध हो चुकी है। राजनैतिक क्षेत्र के अतिरिक्त आर्थिक क्षेत्र में भी भारतीय मूल के नागरिकों ने अपनी उपयोगिता सिद्ध की है जैसे अमेरिका के सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आज भारतीयों का ही बोलबाला है।**

# अन्य देशों में रह रहे हिंदुओं के साथ खड़े रहने की आवश्यकता

(प्रह्लाद सबनानी)

बांग्लादेश में वर्तमान सत्ता पलट के समय मठ मंदिरों, दुर्गा पूजा पंडालों और शिक्षण संस्थानों पर आक्रमण, मूर्तियों का अनादर, नृशंस हत्याएं, सम्पत्ति की लूट, महिलाओं के अपहरण और अत्याचार, बलात मतांतरण जैसी अनेक घटनाएं सामने आ रही हैं।

आज लगभग 4 करोड़ से अधिक भारतीय मूल के नागरिक विश्व के अन्य देशों में शांतिपूर्ण तरीके से रह रहे हैं एवं इन देशों की आर्थिक प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कई देशों में तो भारतीय मूल के नागरिक इन देशों के राजनैतिक पटल पर भी अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, आदि विकसित देश इसके प्रमाण हैं। आस्ट्रेलिया में तो भारतीय मूल के नागरिकों को राजनैतिक क्षेत्र में सक्रिय करने के गम्भीर प्रयास स्थानीय स्तर पर किए जा रहे हैं, क्योंकि अन्य देशों में भारतीय मूल के नागरिकों की इस क्षेत्र में सराहनीय भूमिका सिद्ध हो चुकी है। राजनैतिक क्षेत्र के अतिरिक्त आर्थिक क्षेत्र में भी भारतीय मूल के नागरिकों ने अपनी उपयोगिता सिद्ध की है जैसे अमेरिका के सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आज भारतीयों का ही बोलबाला है। अमेरिका में प्रतिवर्ष लगभग 85,000 एच वन-बी वीजा जारी किए जाते हैं, इसमें से लगभग 60,000 एच वन-बी वीजा भारतीय मूल के नागरिकों को जारी किए जाते हैं। इसी प्रकार अमेरिका की प्रमुख बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भारतीय मूल के नागरिक बन रहे हैं। आज अमेरिका एवं ब्रिटेन में प्रत्येक 7 चिकित्सकों में 1 भारतीय मूल का नागरिक हैं। न केवल उक्त वर्णित विकसित देशों बल्कि खाड़ी के देशों यथा, बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में भी भारतीय मूल के नागरिक भारी संख्या में शांतिपूर्ण तरीके से रह रहे हैं एवं इन देशों के आर्थिक विकास में अपनी प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कई देशों यथा सिंगापुर, गुयाना, पुर्तगाल, सूरीनाम, मारीशस, आयरलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका आदि के राष्ट्राध्यक्ष (प्रधानमंत्री अथवा राष्ट्पति/उपराष्ट्पति) भारतीय मूल के नागरिक रहे हैं एवं कुछ देशों में तो अभी भी इन पदों पर आसीन हैं। साथ ही, 42 देशों की सरकार अथवा विपक्ष में कम से कम एक भारतवंशी रहा है।

दूसरी ओर, भारत के पड़ोसी देशों बांग्लादेश, पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में भारतीय मूल के नागरिकों, विशेष रूप से हिंदुओं की जनसंख्या लगातार कम हो रही है। बांग्लादेश में तो वर्ष 1951 में कुल आबादी में हिंदुओं की आबादी 22 प्रतिशत थी वह आज घटकर 8 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। लगभग यही हाल पाकिस्तान का भी है। बांग्लादेश में तो हाल ही के समय में सत्ता पलट के पश्चात हिंदुओं सहित वहां के अल्पसंख्यक समुदायों पर कातिलाना हमले किए गए हैं। केवल बांग्लादेश ही क्यों बल्कि विश्व के किसी भी अन्य देश में हिंदुओं के साथ इस प्रकार की घटनाओं का कड़ा विरोध होना चाहिए। भारतीय मूल के नागरिक सनातन संस्कृति के संस्कारों के चलते बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से इन देशों के विकास में अपनी भागीदारी निभाते हैं। इसके बावजूद भी यदि भारतीयों पर इस प्रकार के आक्रमण किए जाते हैं तो इसकी निंदा तो की ही जानी चाहिए एवं विश्व समुदाय से इस संदर्भ में सहायता भी मांगी जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। बांग्लादेश में हिंदूओं सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हुए घातक हमलों की अमेरिका के राष्ट्पति श्री डॉनल्ड ट्रम्प ने भी भर्त्सना की थी, इसी प्रकार के विचार अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने भी प्रकट किया थे। परंतु, आज आवश्यकता इस बात की है कि भारतीय हिंदू समाज भी विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के नागरिकों के साथ खड़ा हो। इसी संदर्भ में, दिनांक 21 मार्च से 23 मार्च 2025 को बंगलूरू में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में बांग्लादेश के हिंदू समाज के साथ एकजुटता से




खड़े रहने का आह्वान किया गया है एवं इस संदर्भ में निम्नलिखित एक विशेष प्रस्ताव भी पास किया गया है।

अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा, बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्प संख्यक समुदायों पर इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों द्वारा लगातार हो रही सुनियोजित हिंसा, अन्याय और उत्पीड़न पर गहरी चिंता व्यक्त करती है। यह स्पष्ट रूप से मानवाधिकार हनन का गम्भीर विषय है।

बांग्लादेश में वर्तमान सत्ता पलट के समय मठ मंदिरों, दुर्गा पूजा पंडालों और शिक्षण संस्थानों पर आक्रमण, मूर्तियों का अनादर, नृशंस हत्याएं, सम्पत्ति की लूट, महिलाओं के अपहरण और अत्याचार, बलात मतांतरण जैसी अनेक घटनाएं सामने आ रही हैं। इन घटनाओं को केवल राजनीतिक बताकर इनके मजहबी पक्ष को नकारना सत्य से मुंह मोड़ने जैसा होगा, क्योंकि अधिकतर पीड़ित, हिंदू और अन्य अल्प संख्यक समुदायों से ही हैं।

बांग्लादेश में हिंदू समाज, विशेष रूप से अनुसूचित जाति तथा जनजाति समाज का इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों द्वारा उत्पीड़न कोई नई बात नहीं है। बांग्लादेश में हिंदुओं की निरंतर घटती जनसंख्या (1951 में 22 प्रतिशत से वर्तमान में 7.95 प्रतिशत) दर्शाती है कि उनके सामने अस्तित्व का संकट है। विशेषकर, पिछले वर्ष की हिंसा और घृणा को जिस तरह सरकारी और संस्थागत समर्थन मिला, वह गम्भीर चिंता का विषय है। साथ ही, बांग्लादेश से लगातार हो रहे भारत विरोधी वक्तव्य दोनों देशों के सम्बन्धों को गहरी हानि पहुंचा सकते हैं।

कुछ अंतरराष्ट्रीय शक्तियां जान बूझकर भारत के पड़ोसी क्षेत्रों में अविश्वास और टकराव का वातावरण बनाते हुए एक देश को दूसरे के विरुद्ध खड़ा कर अस्थिरता फैलाने का प्रयास कर रही हैं। प्रतिनिधि सभा, चिन्तनशील वर्गों और अंतरराष्ट्रीय मामलों से जुड़े विशेषज्ञों से अनुरोध करती हैं कि वे भारत विरोधी वातावरण, पाकिस्तान तथा डीप स्टेट की सक्रियता पर दृष्टि रखें और इन्हें उजागर करें। प्रतिनिधि सभा इस तथ्य को रेखांकित करना चाहती है कि इस सारे क्षेत्र की एक सांझी संस्कृति, इतिहास एवं सामाजिक सम्बंध हैं जिसके चलते एक जगह हुई कोई भी उथल पुथल सारे क्षेत्र में अपना प्रभाव उत्पन्न करती हैं। प्रतिनिधि सभा का मानना है कि सभी जागरूक लोग भारत और पड़ौसी देशों की इस सांझी विरासत को दृढ़ता देने की दिशा में प्रयास करें।

यह उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश के हिंदू समाज ने इन अत्याचारों का शांतिपूर्ण, संगठित और लोकतांत्रिक पद्धति से साहसपूर्वक विरोध किया है। यह भी प्रशंसनीय है कि भारत और विश्वभर के हिंदू समाज ने उन्हें नैतिक और भावनात्मक समर्थन दिया है। भारत सहित शेष विश्व के अनेक हिंदू संगठनों ने इस हिंसा के विरुद्ध आंदोलन एवं प्रदर्शन किए हैं और बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा व सम्मान की मांग की है। इसके साथ ही विश्व भर के अनेक नेताओं ने भी इस विषय को अपने स्तर उठाया है। भारत सरकार ने बांग्लादेश के हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ खड़े रहने और उनकी सुरक्षा की आवश्यकता को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है। उसने यह विषय बांग्लादेश की आंतरिक सरकार के साथ साथ कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उठाया है। प्रतिनिधि सभा भारत सरकार से अनुरोध करती है कि वह बांग्लादेश के हिंदू समाज की सुरक्षा, गरिमा और सहज स्थिति सुनिश्चित करने के लिए वहां की सरकार से निरंतर संवाद बनाए रखने के साथ साथ हर सम्भव प्रयास जारी रखे।

**साल 2025 के अभी तीन महीने ही गुजरे हैं, लेकिन इस बीच नक्सलवाद को लेकर जो आंकड़े सामने हैं, उनसे तो लगता यही है कि नक्सलवाद अब गिने-चुने दिनों की ही बात है। केंद्रीय गृहमंत्रालय के आंकड़ों पर भरोसा करें तो बीते तीन महीनों में ही सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 119 नक्सली मारे जा चुके हैं। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को यह कामयाबी सिर्फ 10 मुठभेड़ों में ही मिली हैं। बीते साल यानी 2024 में मुठभेड़ों में 239 नक्सली मारे गए थे। यानी सिर्फ सवा साल की अवधि में ही 358 नक्सली मारे जा चुके हैं।**

# अगले साल तक कैसे खत्म हो पाएगा लाल आतंक

(उमेश चतुर्वेदी)

नक्सलवाद को लेकर कहा जाता रहा है कि जहां विकास नहीं पहुंचा, जहां शोषण की अर्थव्यवस्था रही, वहीं नक्सलवाद को पनपने का ज्यादा मौका मिला। शायद इसी वजह से नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के पहिये को तेजी से दौड़ाने की तैयारी हुई।

इसे संयोग कहें या कुछ और, बीते 21 मार्च को जब छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों के हाथों तीस नक्सली मारे गए, उसी वक्त केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह संसद में नक्सलवाद के सफाए का ऐलान कर रहे थे। अमित शाह का कहना था कि अगले 375 दिनों में नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा। अगर तारीखों के हिसाब से कहें तो केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2026 तक कभी लाल आतंक के नाम से कुख्यात रहे नक्सलवाद के सफाए का लक्ष्य रखा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या सचमुच नक्सलवाद आखिरी सांसे ले रहा है और जल्द ही आतंक का पर्याय रही ये विचारधारा अतीत बन जाएगी।

साल 2025 के अभी तीन महीने ही गुजरे हैं, लेकिन इस बीच नक्सलवाद को लेकर जो आंकड़े सामने हैं, उनसे तो लगता यही है कि नक्सलवाद अब गिने-चुने दिनों की ही बात है। केंद्रीय गृहमंत्रालय के आंकड़ों पर भरोसा करें तो बीते तीन महीनों में ही सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 119 नक्सली मारे जा चुके हैं। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को यह कामयाबी सिर्फ 10 मुठभेड़ों में ही मिली हैं। बीते साल यानी 2024 में मुठभेड़ों में 239 नक्सली मारे गए थे। यानी सिर्फ सवा साल की अवधि में ही 358 नक्सली मारे जा चुके हैं। इतने नक्सलियों का मारे जाने और भारी संख्या में नक्सलियों के आत्म समर्पण करने का संकेत साफ है कि अब नक्सलियों की कमर टूटती जा रही है। शायद यही वजह है कि अमित शाह संसद में पूरे आत्मविश्वास के साथ ऐलान कर रहे हैं कि नक्सलवाद देश में आखिरी सांसे गिन रहा है।

साल 2010 के आंकड़ों के हिसाब से देश के तकरीबन छठवें हिस्से में नक्सलवाद का प्रभाव था। झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश तक नक्सलवाद फैला हुआ था। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के हिसाब से तब देश के 96 जिलों में आतंकवाद का खूनी पंजा फैला हुआ था। यूं तो हर सरकार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाती रही है, लेकिन इसमें तेजी केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद आई। नक्सलवाद को ज्यादातर सरकारें कानून और व्यवस्था का मामला मानती रहीं, उसके जिम्मेदार सामाजिक कार्यों को किनारे रखा जाता रहा। मोदी सरकार ने इसे कानून और व्यवस्था का मामला तो माना, लेकिन उसके साथ ही इसे सामाजिक नजरिए से भी देखना शुरू किया।

नक्सलवाद को लेकर कहा जाता रहा है कि जहां विकास नहीं पहुंचा, जहां शोषण की अर्थव्यवस्था रही, वहीं नक्सलवाद को पनपने का ज्यादा मौका मिला। शायद इसी वजह से नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के पहिये को तेजी से दौड़ाने की तैयारी हुई। सड़कों और रेल लाइन की पहुंच नक्सल प्रभावित इलाकों में बढ़ाने की शुरूआत हुई। बीते आठ वर्षों में 10718 करोड़ की लागत से नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 9356 किमी सड़कों का निर्माण किया गया। इन इलाकों में तैनात केंद्रीय बलों तैनात केंद्रीय बलों द्वारा स्थानीय आबादी के लिए जहां स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने शुरू हुए, वहीं उन्हें मुफ्त में जरूरी दवाएं दी जाने लगीं। इसी तरह उन इलाकों में पेयजल सुविधा बढ़ाने, सोलर लाइट की सुविधा देने के साथ ही खेती के उपकरण और बेहतर बीच आदि देने की कोशिश तेज हुई। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, साल 2014 से अब तक इन मदों में नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 140 करोड़ रुपये के काम किए जा चुके हैं। डाक विभाग ने 90 नक्सलप्रभावत प्रभावित जिलों में, तकरीबन हर तीन किलोमीटर पर सिर्फ आठ वर्षों में ही 4903 नए डाकघर खोले हैं। इसी तरह अप्रैल-2015 से लेकर अब तक 30 सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में 1258 नई बैंक शाखाएं और 1348 एटीएम लगाए गए हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में संचार की सुविधा बढ़ाने के लिए पहले चरण में 4080 करोड़ रूपये की लागत से 2343 मोबाइल टावर लगाए गए तो दूसरे चरण में 2210 करोड़ से 2542 मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं। इन इलाकों में 245 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बनाने की तैयारी है,जिनमें 121 काम शुरू कर चुके हैं।

इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि नक्सल उग्रवाद ऐसे क्षेत्रो में तेजी से पनपा, जहां गरीबी ने जड़ें जमा रखी थी। नक्सली विचार प्रभवित समूहों ने इन इलाकों के लोगों के असंतोष को खाद पानी के रूप में इस्तेमाल किया और इस तरह उग्रवाद को बढ़ावा मिला। इन समूहों को स्थानीय समर्थन मिलने के कारण सुरक्षा संस्थाओं को अपना काम करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, परन्तु 2014 के बाद हालात बदले।

दूसरी तरफ उग्रवादी समूहों को हो रही फंडिंग पर रोक लगाने के लिए चौकसी बढ़ाई गई। इसके तहत नक्सल प्रभावित राज्यों ने जहां 22 करोड़ की संपत्ति जब्त की,वहीं प्रवर्तन निदेशालय ने तीन और एनआईए ने पांच करोड़ की संपत्ति जब्त की। नक्सली हिंसा की जांच के लिए एनआईए में अलग से एक सेक्शन बनाया गया। जिसे अब तक 55 मामलों की जांच सौंपी जा चुकी है। इसी तरह विशेष कार्रवाई के लिए विशेषज्ञ सुरक्षा बलों पर जोर दिया गया और सूचनाओं को साझा करने का नेटवर्क विकसित किया गया। नक्सलरोधी ऑपरेशन के लिए केंद्रीय और राज्यों विशेष ऑपरेशन टीमें बनाई गईं।

## वर्ग पहेली 5685



संकेतः बाएं से दाएं

1. एक गणराजय जिसे यूनान भी कहते है जिसकी राजधानी एथेंस है (2)
3. यह भारत की प्रमुख नदी ह जिसका उद्गम राजस्थान के उदयपुर जिले में अरावली पर्वतमालाओं से होता है (5)
7. बायां, चंद्रमा के रथ के एक घोड़े का नाम (2)
8. किसी का नष्ट-अनिष्ट करने की चेतावनी भरे शब्द (3)
9. देश-प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखने के नियम (3)
11. तड़का, छौंका (3)
13. फला हुआ, फलीभूत (3)
14. धतूरा, स्वर्ण (3)
16. ऊपर से नीचे पहुंचाना, घुसाना (3)
19. न्योछावर करना, उत्सर्ग करना (3)
21. गहरा दुख, शोक (2)
22. चिरस्थाई, जो सदा टिक कर रहे (3)
23. घ्राणेन्द्रिय, नासिका (2)
24. निशाना, अनुमान योग्य वस्तु (2)
25. एक स्वीकृति सूचक अव्यय या शब्द (1)

(ऊपर से नीचे

1. गरदन, गला (2)
2. एक हीसमय होने वाला (5)
3. कार्यपूर्ति का माध्यम, जरिया, उपाय (3)
4. एक तरह का विस्फोटक रासयानिक गोला (2)
5. एक स्त्री से प्रेम करने वाले दो व्यक्ति यह कहलाते है (उर्दू)(3)
6. मुर्गे की जाति का प्रसिद्ध पक्षी (3)
10. नई बातों को अपनाने का सिद्धांत (5)
12. उपयुक्त अवसर मिलना (5)
15. कार्य में लगाना (4)
17. नामधारण करने वाला, नाम वाला, नाम का (3)
18. यह सर्वाधिक आक्सीसन देने वाला वृक्ष है (3)
20. नामवाला, नामवर, प्रसिद्ध (2)

### वर्ग पहेली 5684 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | कि | म | च | न्द्र | | नौ | रू |
| दी | न | | क्षु | | र | क | म |
| ज्ञ | का | र्ता | | हं | ग | री | |
| न | | | द | स | | दे | श |
| | त | ला | श | | प | ना | ह |
| सु | | म | म | ता | | | र |
| वि | र | का | ल | | मृ | ग | या |
| ज्ञा | | न | व | ल | | ज्ञ | र |

# ये पागलपन है... न्यूयॉर्क को टक्कर देने लगा है बेंगलुरु का किराया

(अमित शुक्ला)

बेंगलुरु में रहने का खर्च तेजी से बढ़ा है। कोरमंगला में 2 बीएचके अपार्टमेंट का किराया 70,000 रुपये महीना है। यह न्यूयॉर्क के उपनगरों की कीमतों के बराबर पहुंच रहा है। मकान कम बनने और मांग बढ़ने के कारण किरायों में वृद्धि हो रही है। बुनियादी सुविधाओं में कमी और ट्रैफिक की समस्या से लोग परेशान हैं।

बेंगलुरु में रहने का खर्च आसमान छू रहा है। हैदराबाद के फाइनेंशियल एनालिस्ट हार्दिक जोशी ने लिंक्डइन पर एक तुलना करके सबको चौंका दिया है। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु के कोरमंगला में 2बीएचके अपार्टमेंट किराए पर लेने का खर्च 70,000 रुपये महीना है। यह न्यूयॉर्क के उपनगर में वैसे ही अपार्टमेंट से सिर्फ 10,000 रुपये कम है। इस खुलासे के बाद लोग सवाल कर रहे हैं कि बेंगलुरु, जो कभी पेशेवरों के लिए सस्ता शहर माना जाता था, आज दुनिया के सबसे महंगे शहरों की बराबरी कैसे कर रहा है। डिमांड और सप्लाई के बीच बढ़ते अंतर के कारण यह स्थिति बनी है। हर साल हजारों नए लोग बेंगलुरु आ रहे हैं। लेकिन, मकानों की संख्या उस रफ्तार से नहीं बढ़ रही है।

बेंगलुरु में मकान के किराए तेजी से बढ़ रहे हैं। हार्दिक जोशी ने इस स्थिति को 'पागलपन' बताया है। उनका कहना है कि शहर में जितने लोग आ रहे हैं, उतने नए मकान नहीं बन रहे हैं। ऐसे में मकान मालिकों की मनमानी चल रही है। वे जितना चाहें उतना किराया बढ़ा रहे हैं। लोगों के पास या तो किराया देने या शहर छोड़ने का विकल्प है।

बुनियादी सुवधिाओं से लोग परेशान

किराए के अलावा, शहर की बुनियादी सुविधाएं भी लोगों को परेशान कर रही हैं। ट्रैफिक जाम और खराब पब्लिक ट्रांसपोर्ट के कारण रोजमर्रा की जिंदगी मुश्किल हो गई है। जोशी सीधे शब्दों में कहते हैं, %आप न्यूयॉर्क की कीमत चुका रहे हैं, लेकिन आपको एक ऐसे शहर में रहना पड़ रहा है जहां 10 किलोमीटर की दूरी तय करने में एक घंटा लगता है।

बेंगलुरु में किराए की कीमतों में तेजी से बदलाव हुआ है। कुछ इलाकों में कीमतें बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। उत्तरी बेंगलुरु, खासकर हेब्बल, हेन्नूर और थानिसंद्रा में किराए में 20-25 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये इलाके एयरपोर्ट के पास हैं और यहां कई इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट चल रहे हैं।

व्हाइटफील्ड के बाहरी इलाके, जैसे ग्लेनवुड लेआउट और वर्थुर रोड, अभी भी टेक पेशेवरों के लिए पसंदीदा जगह हैं। वहां किराए में 10-20 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। सरजापुरा रोड पर भी यही ट्रेंड देखने को मिल रहा है। यह इलाका आईटी हब से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। कनकपुरा रोड पर भी नई इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के कारण मांग बढ़ रही है।

एक दशक पहले, बेंगलुरु संभावनाओं का शहर था। यह सस्ता, गतिशील और आशाजनक था। लेकिन, अब कई लोग सोच रहे हैं कि क्या यह भारत का सबसे महंगा शहर बन गया है। इस वजह से पेशेवर लोग अब दूसरे विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन करियर के लिए बहुत अच्छा है। भाग्य का साथ मिलेगा और तरक्की के रास्ते खुलेंगे। धन और सम्मान में वृद्धि होगी जिससे मन खुश रहेगा। निवेश करने के लिए दिन अच्छा है। भविष्य में बेहतर रिटर्न मिलने की संभावना है। सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने से मान-सम्मान बढ़ेगा।

### वृष
आज दिन करियर में सफलता लेकर आएगा। तरक्की मिलने की संभावना है और सांसारिक सुखों में भी वृद्धि होगी। नौकरी और परिवार के बीच संतुलन बनाए रखने में सफल रहेंगे। शाम को आर्थिक मदद मिल सकती है। इससे सम्मान में भी वृद्धि होगी और मन प्रसन्न रहेगा।

### तुला
आज परिश्रम से सफलता मिलेगी और समाज और परिवार से सहयोग मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों के अधिकार में वृद्धि होगी, लेकिन साथ ही जिम्मेदारियां भी बढ़ेंगी। साहस और पराक्रम की प्रशंसा होगी। धन और सम्मान में वृद्धि होगी और रुके हुए काम पूरे होंगे।

### वृश्चिक
आज दिन मिलाजुला रहेगा। अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं, जिससे चिंता हो सकती है। लेकिन शाम को कोई खुशखबरी मिल सकती है। रात में किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलेगा। धन और सम्मान में वृद्धि होगी और रुके हुए काम पूरे होंगे।

### मिथुन
आज करियर में मेहनत करने से सफलता मिलेगी। रुके हुए काम पूरे होंगे और नए काम में निवेश करने से लाभ होगा। शाम के समय परिवार में किसी बात को लेकर मनमुटाव हो सकता है। वाहन खराब होने से नुकसान हो सकता है। अचानक खर्च बढ़ सकता है।

### कर्क
आज दिन करियर में फायदेमंद है। हर काम में सफलता मिलेगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आध्यात्मिक ज्ञान में वृद्धि होगी और आगे बढ़ने के नए मौके मिलेंगे। शाम से रात तक भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

### धनु
आज शनिवार का दिन उत्साहवर्धक रहेगा। आपको नौकरी में प्रमोशन और धन वृद्धि होने की खुशी होगी। आपका बिजनेस भी कल अच्छा चलेगा। जो लोग किराना कारोबार और वस्त्रों के कारोबार से जुड़े हुए हैं उनकी कमाई में इजाफा होने की खुशी होगी। आपके लिए कल घर परिवार के मामले में भी दिन अच्छा है।

### मकर
आज का दिन झोली में खुशियां लेकर आएगा। आप कल से साढेसाती से मुक्त होने वाले हैं ऐसे में आपको पूर्व में किए गए परिश्रम का पूरा लाभ मिलेगा। नौकरी में पद प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। अगर आप नौकरी और कारोबार में बदलाव के लिए प्रयास कर रहे हैं तो आपको इसमें कामयाबी मिलेगी।

### सिंह
आज दिन लाभदायक है। किसी बहुमूल्य वस्तु की प्राप्ति हो सकती है। शान-शौकत पर खर्च करेंगे, लेकिन गरीबों की मदद करने से खुशी मिलेगी और पुण्य मिलेगा। धन और सम्मान में वृद्धि होगी। अपनी कार्यकुशलता से दूसरों को प्रभावित कर पाएंगे। शाम से रात तक खुशी और सम्मान की प्राप्ति होगी।

### कन्या
आज तरक्की का दिन है। प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। शाम के समय कुछ अनचाहा खर्च आ सकता है, लेकिन मजबूरी में करना पड़ेगा। धन और सम्मान में वृद्धि होगी और रुके हुए काम पूरे होंगे। योजनाएं सफल होंगी और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

### कुंभ
आज समस्याओं को सुलझाने पर ध्यान देंगे। पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं से बाहर आकर आप सभी रुके हुए कामों को पूरा करने की ताकत पाएंगे। योजनाओं को लागू करने के लिए पूरे उत्साह के साथ काम करेंगे। आज आपको धन प्राप्ति के भी अच्छे अवसर मिलेंगे।

### मीन
आज बिजनेस का माहौल अच्छा नहीं रहेगा। समस्याओं को सुलझाने का तार्किक तरीका कारगर साबित होगा। आग और सुरक्षा से जुड़े काम करने वाले लोगों को फायदा होगा। आज कमाई के लिए दिन अच्छा है। आप अपने प्रभाव से पैसा कमाने में सफल रहेंगे।

29 साल बाद किया इस बड़े खिताब पर कब्जा

# फाइनल मैच में अकेले गेंदबाज ने गिराए 11 विकेट, टीम ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ ऑस्ट्रेलिया की टीम ने शेफील्ड शील्ड का खिताब जीतकर इतिहास रचा है. उसने इस टूर्नामेंट के फाइनल में क्वींसलैंड को हराकर 29 साल बाद खिताब पर कब्जा किया. टूर्नामेंट का फाइनल साउथ ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट से जीता, जिसमें 11 विकेट चटकाने वाले गेंदबाज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. फाइनल में 11 विकेट लेने वाले गेंदबाज का नाम ब्रेंडन डॉगेट है. 30 साल के ब्रेंडन दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं और साउथ ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाड़ी हैं.

**डॉगेट ने लिए 6 विकेट, पहली पारी में क्वींसलैंड- 95 रन**

मुकाबले में क्वींसलैंड ने पहले बल्लेबाजी की. लेकिन, साउथ ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट के टूटे कहर के आगे उसकी पहली पारी सिर्फ 95 रन पर सिमट गई. ब्रेंडन डॉगेट ने पहली पारी में 6 विकेट चटकाए. उन्होंने ये विकेट 11.2 ओवर में 31 रन देते हुए लिए. क्वींसलैंड को 95 रन पर समेटने के बाद साउथ ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 271 रन बनाए, जिसमें जेक लेहमन के शतक का बड़ा योगदान रहा. लेहमन ने मिडिल ऑर्डर में 152 गेंदों का सामना करते हुए 102 रन बनाए. साउथ ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 176 रन की बढ़त मिली.



**ब्रेंडन डॉगेट ने फाइनल मैच में लिए 11 विकेट**

क्वींसलैंड की दूसरी पारी के दौरान भी साउथ ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट अपना असर छोड़ने में कामयाब रहे. उन्होंने इस बार भी 5 विकेट लिए. इस तरह फाइनल मैच की दोनों पारियों को मिलाकर ब्रेंडन डॉगेट ने कुल 11 विकेट अपने नाम किए.

**क्वींसलैंड ने दूसरी पारी में बनाए 445 रन**

क्वींसलैंड ने दूसरी पारी में हालांकि पहली इनिंग की तरह गलती नहीं की. इस बार उसने बड़ा स्कोर बनाया.

जैक ग्लेटॉन और जैक विल्डरमुथ की शतक की बदौलत क्वींसलैंड ने दूसरी पारी में 445 रन बनाए. जैक ग्लेटॉन ने 249 गेंदों का सामना करते हुए 100 रन बनाए. वहीं विल्डरमुथ ने 140 गेंदों में 111 रन की पारी खेली.

**29 साल बाद जीता शेफील्ड शील्ड**

अब साउथ ऑस्ट्रेलिया को 176 रन की बढ़त तो पहली पारी में हासिल ही थी. ऐसे में उसके सामने 270 रन का लक्ष्य था, जिसे उसने 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया. और 4 विकेट की जीत के साथ 29 साल बाद अपने पहले शेफील्ड शील्ड खिताब पर कब्जा किया. साउथ ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में जेसन सांघा ने 126 रन जबकि एलेक्स कैरी ने 105 रन की पारी खेली.



# मनीषा ने एशियन चैम्पियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनुभवी भारतीय पहलवान मनीषा भानवाला ने एशियन चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को 2021 के बाद पहला गोल्ड मेडल दिलाया। शुक्रवार को 62 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में उन्होंने कड़े मुकाबले में कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से मात देकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। मनीषा ने अपने अभियान की शुरुआत कजाखस्तान की टाइनिस डुबेक पर तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर आसान जीत के साथ की। इसके बाद उन्होंने कोरिया की हनबिट ली को चित कर दमदार अंदाज में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यहां भी उन्होंने अपने आक्रामक खेल को जारी रखते हुए कलमीरा बिलिमबेक काजी को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

**अंतिम पंघाल ने जीता ब्रॉन्ज मेडल**

गौरतलब है कि भारत ने पिछली बार 2021 में अलमाटी में विनेश फोगाट और सरिता मोर के जरिए गोल्ड मेडल जीता था। इस बार 20 साल के अंतिम पंघाल ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, जो अपने करियर का पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेल रही थीं। 53 किग्रा भार वर्ग में उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीन की जिन झांग को हराकर उम्मीदें बढ़ा दीं, लेकिन सेमीफाइनल में जापान की मो कियूका के सामने टिक नहीं सकीं और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गईं। हालांकि, ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए ताइपे की मेंग एच सियेह को हराकर मेडल अपने नाम किया।

**भारत के खाते में 6 मेडल**

इस प्रतियोगिता में अन्य भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। नेहा शर्मा (57 किग्रा), मोनिका (65 किग्रा) और ज्योति बेरीवाल (72 किग्रा) मेडल राउंड तक नहीं पहुंच सकीं। अब तक भारत ने इस टूर्नामेंट में ग्रीको-रोमन वर्ग में दो मेडल सहित कुल एक गोल्ड, एक सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं।

चापमैन ने शतक लगाया

# न्यूजीलैंड ने पहला वनडे 73 रन से जीता, पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई




**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को पहले वनडे में 73 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 3 मैचों वाली वनडे सीरीज का पहला मुकाबला शनिवार को न्यूजीलैंड के नापियर में खेला गया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर फिल्डिंग चुनी। कीवी टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 344 रन बनाए। 345 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम 44.1 ओवर में 271 रनों पर सिमट गई।

मार्क चापमैन ने खेली शतकीय पारी मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्क चापमैन ने शतक लगाया। उन्होंने 111 गेंदों पर 132 रन बनाएं। इसमें 13 चौके और 6 छक्के शामिल है। वे चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए थे। उनके अलावा डेरिल मिचेल ने भी 76 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। पाकिस्तान के इरफान खान ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके।

मार्क चापमैन ने अपने करियर का तीसरा वनडे शतक लगाया।

हूं के अब्बास ने लगाया सबसे तेज डेब्यू अर्धशतक पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ी मोहम्मद अब्बास ने 24 गेंदों पर वनडे इतिहास में डेब्यू करते हुए सबसे तेज 50 रन बनाए। उन्होंने 52 रनों की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 3 चौके और 3 छक्के लगाएं। अब्बास से पहले यह रिकॉर्ड भारत के ईशान किशन के नाम पर था।

उन्होंने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ 33 गेंदों में 50 रन बनाए थे। पाकिस्तान से बाबर-सलमान की फिफ्टी टारगेट का पीछा करते हुए पाकिस्तान के बाबर आजम ने 93.97 के स्ट्राइक रेट से 83 गेंदों पर 78 रन बनाएं। वहीं सलमान आगा ने 48 गेंदों पर 58 रन बनाएं। न्यूजीलैंड के नाथन स्मित ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए।

न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच अभी तक 120 वनडे खेले गए है। सीरीज का दूसरा मैच 2 अप्रैल को होगा सीरीज का दूसरा मुकाबला 2 अप्रैल को न्यूजीलैंड के हैमिल्टन में खेला जाएगा। मैच भारतीय समय अनुसार सुबह 3:30 से शुरू होगा।



## टीम इंडिया के फ्यूचर को लेकर टली BCCI की बैठक, रोहित शर्मा बोले- सम्मान के हकदार हैं ये खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को 2024 टी20 वर्ल्ड कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जिताने वाले कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि भारतीय टीम ने पिछले नौ महीनों में क्रिकेट के उतार-चढ़ाव को झेला है, लेकिन इसने सफलता हासिल करने के लिए सामूहिक संघर्ष किया। मुंबई इंडियंस की ओर से एक्स पर पोस्ट वीडियो में रोहित शर्मा ने कहा कि पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली टीम का हर सदस्य सम्मान का हकदार है।

समाचार एजेंसी के अनुसार रोहित शर्मा का यह वीडियो ऐसे दिन आया जब बीसीसीआई के शीर्ष पदाधिकारियों को टीम के भविष्य का रोडमैप तय करने के लिए बैठक करनी थी। किसी कारणवश यह बैठक स्थगित कर दी गई। भारत ने पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंट में 24 मैचों में से केवल एक में हार का सामना किया है। वह अहमदाबाद में 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हारा था। भारतीय टीम ने पिछले साल बारबाडोस में टी20 विश्व कप और फरवरी मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीता। इस दौरान भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप झेलनी पड़ी।

# केएल राहुल एसआरएच मुकाबले से पहले दिल्ली कैपिटल्स की टीम में फिर से शामिल हुए

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल रविवार को आईपीएल 2025 सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले मैच से पहले शनिवार को विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स की टीम में शामिल हो गए। राहुल पिछले हफ्ते लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ डीसी के सीजन के पहले मैच में अपनी पत्नी अथिया शेट्टी के साथ पहले बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए थे। अथिया ने 24 मार्च को एक बच्ची को जन्म दिया। दिल्ली कैपिटल्स ने एक्स पर जाकर राहुल के आगमन का वीडियो शेयर किया और लिखा, आप प्यारे हैं। आप हमारे हैं। आप घर पर हैं। दिल्ली में आपका स्वागत है, केएलआर।

एक अन्य पोस्ट में, फ्रेंचाइजी ने डीसी की ट्रेनिंग जर्सी में राहुल की एक तस्वीर शेयर की और पोस्ट को कैप्शन दिया, खेल शुरू होने दें। राहुल के रविवार को विशाखापत्तनम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली के लिए पदार्पण करने की उम्मीद है, पिछले साल की मेगा नीलामी में उन्हें 14 करोड़ रुपये में फ्रेंचाइजी ने खरीदा था। अक्षर पटेल की अगुआई वाली टीम ने राहुल की पूर्व फ्रेंचाइजी लखनऊ पर एक विकेट से रोमांचक जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत जीत के साथ की। आशुतोष शर्मा ने 31 गेंदों में नाबाद 66 रनों की पारी खेली और पांच छक्कों और इतने ही चौकों की मदद से लखनऊ से जीत छीन ली। मैच के बाद दिल्ली के खिलाड़ियों ने मदर्स लैप बेबी स्विंग एक्शन करके राहुल को नए पिता बनने पर बधाई दी।



दिल्ली में अपने कदम के बारे में राहुल ने कहा कि पिछले साल की नीलामी के बाद यह उनके लिए रोमांचक और नर्वस करने वाला दोनों था।

राहुल ने कहा, मेरे लिए यह एक नया अनुभव है - अपनी चौथी या पांचवीं आईपीएल फ्रेंचाइज से जुड़ना। यह रोमांचक और नर्वस करने वाला दोनों है। हर नई टीम अनिश्चितता लेकर आती है - खिलाड़ी कैसे तालमेल बिठाएंगे, प्रबंधन कैसे काम करेगा और प्रशंसक कैसे प्रतिक्रिया देंगे। लेकिन हमारी टीम और प्रबंधन ने जिस तरह से इस टीम को बनाया है, उसे देखते हुए लगता है कि हमने सभी क्षेत्रों को कवर कर लिया है। उन्होंने कहा, इसमें अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं का शानदार मिश्रण है। मैं कुछ अविश्वसनीय रूप से कुशल युवाओं के साथ खेलने और उनसे सीखने के लिए उत्सुक हूं। मिशेल स्टार्क, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ियों के साथ - जिनमें से कई के साथ मैं पहले भी खेल चुका हूं - हमारी टीम एक मजबूत टीम है। मैं आईपीएल शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकता।

132 आईपीएल मैचों में राहुल ने 45.47 की औसत से 4,683 रन बनाए हैं। उन्होंने 2013 में पदार्पण करने के बाद से अब तक टूर्नामेंट में चार शतक और 37 अर्द्धशतक भी लगाए हैं।

# ब्राजील फुटबॉल टीम को विश्व कप क्वालिफायर में मिली शर्मनाक हार, मुख्य कोच पर गिरी गाज, पद से हटाए गए

**साओ पोलो, एजेंसी।** शीर्ष छह टीमें फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेंगी।ब्राजील पिछले साल कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में उरूग्वे से हारकर बाहर हो गया था। ब्राजील के कोच डोरिवल जूनियर को टीम के निराशाजनक प्रदर्शन और खराब नतीजों के कारण 14 महीने के भीतर ही पद से हटा दिया गया है। ब्राजील को ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना ने 4-1 से हराया जो विश्व कप क्वालिफायर मुकाबले में उसकी सबसे शर्मनाक हार है। इसके तीन दिन बाद ही ब्राजीली फुटबॉल परिसंघ के अध्यक्ष एडनाल्डो रौड्रिगेस ने जूनियर को हटाने का फैसला किया।

उन्होंने मीडिया से कहा, परिसंघ यह घोषणा करता है कि डोरिवल जूनियर का कार्यकाल पूरा हो गया। अब हम विकल्प की तलाश कर रहे हैं। ब्राजील विश्व कप 2026 दक्षिण अमेरिकी क्वालिफाइंग तालिका में पांचवें स्थान पर है। शीर्ष छह टीमें फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेंगी।ब्राजील पिछले साल कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में उरूग्वे से हारकर



बाहर हो गया था। टीम का फॉर्म पिछले कुछ समय से कुछ खास नहीं रहा है। 2022 विश्व कप में ब्राजील की टीम क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थी। तब ब्राजील को क्रोएशिया ने अंतिम-8 के मुकाबले में पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया था। उससे पहले 2021 कोपा अमेरिका फाइनल में ब्राजील की टीम अर्जेंटीना के हाथों 1-0 से हार गई थी। ब्राजील ने पिछली बार कोई मेजर खिताब 2019 में जीता था, जब उसने कोपा अमेरिका अपने नाम किया था। तब उन्होंने फाइनल में पेरू को 3-1 से शिकस्त दी थी। वहीं, 2018 फीफा विश्व कप में ब्राजील की टीम क्वार्टर फाइनल से बाहर हुई थी। अंतिम आठ के मुकाबले में बेल्जियम ने ब्राजील को 2-1 से हराया था। 2014 में ब्राजील में ही फीफा विश्व कप खेला गया था। तब टूर्नामेंट में ब्राजील की टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी। हालांकि, अंतिम चार के मुकाबले में जर्मनी ने ब्राजील को 7-1 से करारी शिकस्त दी थी। ब्राजील ने 2002 के बाद से कभी फीफा विश्व कप का खिताब नहीं जीता है।

# आरसीबी से हारने के बाद CSK के कोच फ्लेमिंग की सफाई



**चेन्नई , एजेंसी।** फ्लेमिंग ने कहा, वह पिछले एक महीने से अभ्यास कर रहा है और ट्रेनर के साथ फिटनेस पर काफी मेहनत की है। वह हालांकि जब बल्लेबाजी के लिये आये तब जीत हासिल करना काफी कठिन हो गया था। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इन आलोचनाओं को खारिज किया कि उनकी टीम की शैली के क्रिकेट के दिन अब लद गए । उन्होंने कहा कि चेन्नई टीम में काफी आक्रामकता है और कोई उन्हें कमतर आंकने की गलती नहीं करे। यह पूछने पर कि क्या उनकी शैली के क्रिकेट के दिन अब लद गए , न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, इसके क्या मायने हैं, मेरी शैली का क्रिकेट क्या है। पहला मैच जीतना, यही सही तरीका है। हमारे भीतर काफी आक्रामकता है। मैं यह प्रश्न समझा नहीं। उन्होंने कहा, सिर्फ इसलिए कि हम पहली ही गेंद से पीटना शुरू नहीं करते। हम आखिर में देखेंगे। हम सकारात्मक क्रिकेट खेलते हैं और कोई हमें कमतर नहीं आंक सकता। यह बेवकूफाना सवाल है। फ्लेमिंग ने हालांकि स्वीकार किया कि शुक्रवार के मैच में उनकी टीम की फील्डिंग बहुत खराब थी। उन्होंने कहा, हमने दो तीन मौके गंवाए। हमने उन्हें दबाव बनाने का मौका दिया। 175 का स्कोर सही होता लेकिन हमने क्षेत्ररक्षण में गलतियां की। जोश हेजलवुड ने आरसीबी के लिये शानदार गेंदबाजी की। महेंद्र सिंह धोनी ने 16 गेंद में नाबाद 30 रन बनाये और आईपीएल के इतिहास में चेन्नई के लिये सर्वाधिक रन बनाने का सुरेश रैना का रिकॉर्ड तोड़ा।

## सीएसके के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बने महेंद्र सिंह धोनी

**चेन्नई, एजेंसी।** दिग्गज क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी वीरवार को आईपीएल इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया जब वह सुरेश रैना को पछाड़कर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। अब धोनी के नाम आईपीएल में 4,699 रन हो गए हैं। उन्होंने सुरेश रैना (4,687 रन) को पीछे छोड़ा है।

आईपीएल में सीएसके के लिए सर्वाधिक रन

4699 - महेंद्र सिंह धोनी
4687 - सुरेश रैना
2721 - फाफ डुप्लेसिस
2433 - ऋतुराज गायकवाड
1939 - रवीन्द्र जड़ेजा
1932 - अंबाती रायडू

रैना जोकि धोनी को ही अपना गुरु मानते हैं, चेन्नई के लिए कई साल तक इस लिस्ट में नंबर एक पर रहे।

# बुमराह की वापसी न होने से कोच जयवर्धने का टूटा सब्र



आईपीएल 2025:

**अहमदाबाद (गुजरात), एजेंसी।** गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ मुंबई इंडियंस (एमआई) के मुकाबले से पहले एमआई के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर बात करते हुए कहा कि टीम अभी भी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से उनके मंजूरी मिलने का इंतजार कर रही है, जिसने इसके लिए कोई समयसीमा नहीं दी है।

शुभमन गिल की अगुवाई वाली जीटी और हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली एमआई शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक उच्च-ऑक्टेन क्लैश में अपने अभियान के शुरुआती मैचों में दिल तोड़ने वाली हार को भुलाने के उद्देश्य से होंगी।

गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ एमआई का अगला मैच, एमआई की अपने घरेलू स्टेडियम वानखेड़े स्टेडियम में वापसी का प्रतीक होगा, लेकिन इस बार उनके पास बुमराह नहीं होंगे क्योंकि वह एनसीए से अपनी मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि वह पीठ की समस्याओं से उबर रहे हैं। मैच से पहले, जैसा कि ईएसपीएनक्रिकइन्फो ने बताया, बने बुमराह के बारे में कहा कि वह रोजाना अपने कार्यक्रम से गुजर रहे हैं। अब तक, सब कुछ ठीक लग रहा है, लेकिन एनसीए ने कोई समयसीमा नहीं दी है, इसलिए हम उस पर इंतजार करेंगे। बुमराह को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन पीठ में ऐंठन हुई। स्कैन के लिए जाने के बाद, बुमराह ड्रेसिंग रूम में लौट आए क्योंकि तीसरे दिन बुमराह की भागीदारी को लेकर उम्मीदें बनी हुई थीं। बीजीटी के बाद से, वह रिहैब के लिए एनसीए में हैं और उन्होंने कोई क्रिकेट नहीं खेला है, जिससे भारत के खिताब जीतने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान को मिस कर दिया गया।

पिछले सीजन के दौरान, हालांकि एमआई तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहा, बुमराह फ्रैंचाइज़ी के प्रमुख विकेट लेने वाले और कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर थे।

उन्होंने 13 मैचों में 16.80 की औसत से 20 विकेट लिए। बुमराह आईपीएल इतिहास में 9वें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले और मुंबई के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 133 मैचों में 22.51 की औसत से 165 विकेट लिए हैं, जिसमें उनके नाम 2 बार 5 विकेट भी शामिल हैं। उन्होंने एमआई की 5 खिताब जीत में बड़ी भूमिका निभाई है।

# जनकल्याण व विकास के कार्य प्राथमिकता से कराये जा रहे हैं : उप मुख्यमंत्री

## उप मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत लोही के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया

### सड़क के लोकार्पण एवं जल संचय, जनभागीदारी, जन आन्दोलन कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री




**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि जनकल्याण और विकास के कार्य प्राथमिकता से कराये जा रहे हैं। रीवा को पहले लोग पिछड़ा कहते थे अब इसके विकास की चर्चा प्रदेश एवं देश में हो रही है। श्री शुक्ल ने ग्राम पंचायत लोही में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने सामुदायिक भवन निर्माण, आंगनवाड़ी भवन, हाट बाजार निर्माण सहित विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया। श्री शुक्ल ने एक करोड़ 88 हजार रूपये की लागत से जोरी वाया भड़री तालाब रोड़ का लोकार्पण किया। उन्होंने माध्यमिक विद्यालय भवन सहित अन्य निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। ग्राम पंचायत लोही में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं, किसानों व युवाओं के कल्याण के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अधोसंरचना विकास के कार्य प्राथमिकता से कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गड्डी रोड से नहर के किनारे गुढ़ रोड को मिलाने वाले मार्ग को 7 करोड़ रूपये की लागत से बनाया जायेगा। जो गुढ़ रोड के लिए इससे संबद्ध ग्रामों के लिए बाईपास का काम करेगा। श्री शुक्ल ने कहा कि लोही लक्ष्मणपुर मार्ग को खेमसागर मंदिर तक चौड़ा बनाया जायेगा तथा शेष मार्ग को पर्याप्त चौड़ाई के बनाने के निर्देश उन्होंने निर्माण विभाग को दिये। श्री शुक्ल ने ग्राम पंचायत लोही के सरपंच द्वारा की गयी मांगों को प्राथमिकता से पूरे किये जाने हेतु आश्वस्त किया। उप मुख्यमंत्री जल संचय, जनभागीदारी, जनआन्दोलन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रीवा में बोर के माध्यम से संचयित जल को जमीन के अंदर पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है ताकि भूजल स्तर बना रहे। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा 30 मार्च से आरंभ हो रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागी बनने का ग्रामवासियों से आहवान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने रीवा के विकास के लिए उप मुख्यमंत्री जी को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के सम्मान के लिए कार्य कर रही है। इससे पूर्व सरपंच नीलेश तिवारी ने विभिन्न मांगों की ओर उप मुख्यमंत्री जी का ध्यान आकृष्ट किया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी संजय खाण्डे ने लोकार्पित सड़क का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रेमप्रकाश पाण्डेय, भूपेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोही तथा आसपास के ग्रामों के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जिले भर में आज मनाया जाएगा विक्रम संवत नववर्ष

## पचमठा में आज विक्रम नववर्ष का होगा मुख्य आयोजन

**रीवा।** विक्रम संवत 2082 का प्रथम दिन चैत्र प्रतिपदा नववर्ष उत्सव 30 मार्च को मनाया जाएगा। इस दिन मुख्य आयोजन पचमठा में सुबह 10 बजे से आरंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद श्री जनार्दन मिश्र होंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि समारोह में सबसे पहले ब्राहृध्वज वंदन किया जाएगा। इसके बाद विक्रम संवत शुरू होने के इतिहास के संबंध में जानकारी दी जाएगी। समारोह में मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के दल द्वारा सम्राट विक्रमादित्य नाटिका का मंचन किया जाएगा। इसके बाद समारोह के मुख्य अतिथि सांसद श्री मिश्र का उद्बोधन होगा। नववर्ष के प्रथम दिन प्रमुख मंदिरों एवं शासकीय भवनों में ब्राहृध्वज स्थापित किए जाएंगे। कलेक्टर ने आमजनता से विक्रम नववर्ष समारोह में भागीदारी का अनुरोध किया है।

# जनपद पंचायत के सहयोग से युवाओ को सुरक्षा एजेंसी दे रही है रोजगार

## जिले के सभी जनपद पंचायत परिसर में लगाये जा रहे हैं भर्ती शिविर

**रीवा।** युवाओं को रोजगार का अवसर देने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी जनपद पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अब तक 24 मार्च को जवा, 25 मार्च को सिरमौर में, 26 मार्च को रायपुर कच. में, 27 मार्च को त्योंथर में तथा 28 मार्च को गंगेव जनपद पंचायत परिसर में शिविर लगाये जा चुके हैं। इसी तरह एक अप्रैल को हनुमना में, 02 अप्रैल को नईगढ़ी में 03 अप्रैल को मऊगंज जनपद परिसर तथा 04 अप्रैल को रीवा जनपद पंचायत परिसर में भर्ती शिविर लगाये जायेंगे। इन शिविरों में सिंगरौली की एसआईएस सुरक्षा एजेंसी द्वारा युवाओं का सुरक्षा कार्यों के लिए चयन किया जा रहा है। युवाओं की शारीरिक एवं लिखित परीक्षा के उपरांत उनका चयन किया जा रहा है। चयनित युवाओं को रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। इसके बाद सभी चयनित उम्मीदवारों को एस. आई. एस. ट्रेनिंग एकेडमी सिंगरौली एक माह का प्रशिक्षण दिया जायेगा। ट्रेनिंग सेंटर में ही युवाओं के शैक्षणिक तथा अन्य दस्तावेजों का सत्यापन किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान पी0 टी0, ड्रील, ड्रिल थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा, विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, आग बुझाने, कम्प्यूटर , बैंक सिक्यूरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के बाद विभिन्न निजी और शासकीय संस्थानों में सुरक्षा कार्य में तैनाती का अवसर मिलेगा। भर्ती के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य उम्मीदवार ,मैट्रिक पास, आयु 19 वर्ष से 40 वर्ष तक ही होनी चाहिए । जिले के सभी बेरोजगार नवयुवको को चयन करके उन्हें प्रशिक्षण व रोजगार उपलब्ध कराया जायगा तथा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण हेतू नियुक्ति पत्र दिया जायेगा।

# मऊगंज के दो लापरवाह अधिकारी निलंबित

## अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों पर तत्परता और संवेदनशीलता से कार्यवाही करें : कलेक्टर

**रीवा।** आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास सिबी चक्रवर्ती एस ने प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मऊगंज महेश पटेल तथा उपयंत्री राजेश प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिये हैं। सीएम हेल्पलाइन तथा समाधान आनलाइन के एजेण्डा बिन्दु पर लंबित प्रकरण में कार्यवाही करने में लापरवाही बरतने पर यह कार्यवाही की गयी है।

इस संबंध में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बताया कि निलंबन अवधि में सीएमओ श्री पटेल तथा उपयंत्री श्री सिंह का मुख्यालय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन कार्यालय रीवा रहेगा। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जायेगा। कलेक्टर ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन में सुनील कुमार साहू निवासी वार्ड क्रमांक एक मऊगंज ने उनकी कालोनी में तीन माह से पानी की आपूर्ति की शिकायत की थी। वर्ष 2018 में पानी की नई पाइप लाइन बिछाने के लिए किये जा रहे निर्माण कार्य के दौरान कालोनी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गयी थी। आवेदन द्वारा नगर परिषद कार्यालय में पाइप लाइन के सुधार तथा पानी की आपूर्ति के लिए कई बार आवेदन दिया गया लेकिन उस पर कोई कार्यवाही की गयी। निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण कालोनी की पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा उपयंत्री के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गयी है।

कलेक्टर ने कहा है कि मऊगंज जिले के सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्परता और संवेदनशीलता से निराकरण करें।

# उप मुख्यमंत्री ने लायंस इंटरनेशनल के रीजनल कांफ्रेंस का किया शुभारंभ

## लायंस इंटरनेशनल पीड़ितों की सेवा को समर्पित संगठन है : उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** लायंस इंटरनेशनल की रीजनल कांफ्रेंस का आयोजन शया जी होटल रीवा में किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कांफ्रेंस का शुभारंभ करते हुए कहा कि लायंस क्लब तथा लायंस इंटरनेशनल पीड़ितों की सेवा को समर्पित संगठन है। इसके सेवाभावी सदस्यों ने रीवा में बाढ़ और कोविड जैसे संकटकाल में अपने जान की बाजी लगाकर पीड़ितों की सेवा की। अपने लिए तो सभी जीते हैं लेकिन जीवन उन्हीं का सार्थक होता जो दूसरों के लिए जीते हैं। आज व्यक्तियों का नहीं उनके सेवा भाव का सम्मान किया जा रहा है। लायंस क्लब सदैव विश्वशांति और मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहा है। यह सेवाभाव हमारे संस्कारों में है। उप मुख्यमंत्री ने लायंस इंटरनेशनल कांफ्रेंस की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। समारोह में लायंस के रीजनल चेयरमैन अतुल जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए लायंस के उद्देश्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी। लायंस सुनील सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने लायंस क्लब की स्मारिका कृति का विमोचन किया। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने रीवा की आटो रिक्शा चलाने वाली महिला रितु सिंह को सम्मानित किया।

समारोह में मूखवाधिर विद्यार्थियों के लिए स्कूल चलाने वाली रंजना श्रीवास्तव तथा सोनाली श्रीवास्तव को भी सम्मानित किया गया। मानवता की सेवा में विशिष्ट योगदान देने के लिए उप मुख्यमंत्री ने समारोह में लायंस प्रेम सलूजा, लायंस प्रकाशचंडब, लायंस नरेन्द्र जैन, लायंस सतेन्द्र शर्मा, लायंस महेन्द्र सार्राफ, लायंस बीपी सिंह परिहार, लायंस सुमित गुप्ता, लायंस सुरेन्द्र पारिख तथा दीप्ति पारिख को सम्मानित किया तथा समारोह आरके सिंह, एम के गुप्ता, आशोक अग्रवाल, विवेक दुबे, लायंस बीपी सूरी, लायंस विभू सूरी, लायंस त्रिलोकचन्द्र बड़डिया, सज्जीजान तथा सुधीर जैन को भी सम्मानित किया गया।

# मऊगंज में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




**रीवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र में पांच साल से अधिक आयु के दर्ज बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए पोषण भी पढ़ाई भी अभियान चलाया जा रहा है। इस पोषण की पढ़ाई भी अभियान का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन परियोजना कार्यालय, महिला एवं बाल विकास मऊगंज में किया गया। सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास के क्षेत्र की जानकारी दी गई आधार प्रशिक्षण 1000 दिवस गर्भावस्था से लेकर बच्चों के दो वर्ष तक पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल की निगरानी करना बताया गया। नव चेतना बच्चे के जीवन की प्रारंभिक उत्तेजना यदि बच्चे को सही दिशा दी जाए उसके घर का माहौल अच्छा रहे तो बच्चों का विकास सही दिशा में हो सकेगा सामुदायिक सहभागिता एवं देखभाल को टेक्नोलॉजी के माध्यम से जानकारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को दी गयी। आयोजित प्रशिक्षण की निगरानी के लिए संचलनालय भोपाल से उपसंचालक श्री बृजेश शिवहरे परियोजना अधिकारी रीवा शहरी जीवेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण में शामिल आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र में नवीन निर्देशानुसार कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। मास्टर ट्रेनर पर्यवेक्षक श्रीमती श्वेता सोनी मंजू पांडे एवं सरोज साकेत द्वारा पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से एक एक विषय की गंभीरता को समझाते हुए प्रशिक्षण दिया गया हर एक प्रशिक्षण की पृथक से गतिविधि कराई गई।

# उप मुख्यमंत्री 30 मार्च को जायेंगे जबलपुर और हरदा

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 30 मार्च को सुबह 9 बजे कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे जबलपुर पहुंचेगे। उप मुख्यमंत्री जबलपुर में एसोसियेशन आफ फिजिशियन आफ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 1.30 बजे जबलपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 6 बजे हरदा पहुंचेगे। हरदा में शाम 7 बजे विक्रम नववर्ष कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा बघेल हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में कैथलैब का शुभारंभ करेंगे।

# जन अभियान परिषद द्वारा सामुदायिक सहयोग से बनाये जा रहे हैं बोरी बंधान

**रीवा।** जिले भर में 30 मार्च से 30 जून तक शासन के निर्देशानुसार, जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए तीन माह की कार्ययोजना बनाकर प्रयास किये जा रहे हैं। जल संरक्षण में जन अभियान परिषद भी सक्रिय भागीदारी निभाई जा रही है। इस संबंध में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने बताया कि जन अभियान परिषद द्वारा सामुदायिक व स्वैच्छिक सहयोग से रीवा व मउगंज ज़िलें जल की महत्ता को समझने व बहते हुए जल को संरक्षित करने का अभियान प्रारम्भ किया गया है।

अभियान अंतर्गत 30 मार्च को रीवा जिले के सिरमौर और त्योंथर विकासखण्डों के ग्राम पड़रिया, बरा, पुरवा, हरदुआ, खैरहन और सतपुरा तथा सेंगरवार में जल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जल संवाद के बाद इसमें जल संरक्षण के लिए श्रमदान करके बोरी बंधान का निर्माण किया जायेगा। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अगले 30 मार्च से 30 जून 2025 तक रीवा व मउगंज ज़िलें के चिन्हित ग्रामो में जल संवाद ,बोरी बंधान व श्रमदान के कार्यक्रम आयोजित किये जावेंगे। इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों सहित, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वैच्छिक संगठन, प्रस्फुटन समितियां, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र व परामर्शदाता व जन प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे।

# झूलेलाल मंदिर खैरी में धूमधाम से मनाया गया चेटीचंड उत्सव

**रीवा।** श्री झूलेलाल मंदिर सेवा ट्रस्ट,खैरी रीवा द्वारा मंदिर प्रांगण में श्री झूलेलाल जयंती महोत्सव में देश के मशहूर राज म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीतमय भजनो की प्रस्तुति के हर्षोल्लास के साथ झूलेलाल जयंती पर केक काटकर खुशियां मनाते हुए मनाया गया।

# उप मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर, चेटीचंद और गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दीं

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर, चेटीचंद और गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि ये पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक हैं और समाज में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विक्रमोत्सव-2025 का भव्य आयोजन 30 मार्च को गुड़ी पड़वा से प्रारंभ होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि विक्रमोत्सव का आयोजन युवा पीढ़ी को सम्राट विक्रमादित्य के सिद्धांतों से प्रेरणा लेने की सीख देगा। इसी दिन से जल गंगा अभियान भी प्रदेशभर में शुरू होगा, जो 3 महीने तक चलेगा। उन्होंने कहा कि विक्रमोत्सव यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और विक्रमादित्य के आदर्शों को आत्मसात करने की स्वर्णिम पहल है।

# रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी

**रीवा।** सांसद जनार्दन मिश्रा ने 30 मार्च रविवार से प्रारंभ हो रहे हिंदू नव वर्ष एवं झूलेलाल जयंती की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह नववर्ष नई चेतना और नई उमंग के साथ सभी के जीवन में खुशहाली लाने के साथ स्वस्थ हो खुशहाल जीवन प्रदान करें उन्होंने कहा कि भारतीय कालगणना के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को विक्रमी संवत 2082 प्रारंभ हो रहा है भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक अनेक ऐतिहासिक प्रसंग चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ जुड़ें है 7 पृथ्वी की उत्पत्ति के कारण पृथ्वी संवत, सृष्टि प्रारंभ दिवस के कारण सृष्टि संवत, श्रीराम जी का राज्याभिषेक, कलयुग संवत,युधिष्टिर संवत, विक्रम संवत (2082), शालिवाहनशकसंवत (1947), युगाब्द(5127), मालव संवत, गुडी पाडवा, आर्य समाज स्थापना, उगादि, गुरु अंगद देव का जन्म दिवसएवं झूलेलाल जी का अवतरण दिवस सभी लोकसभा क्षेत्र के जनों की खुशहाली और समृद्धि की कामना करता हूं।

# वृद्धाश्रम में विधिक सेवा शिविर संपन्न

**रीवा**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृद्धाश्रम रीवा में विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर का शुभारंभ जिला न्यायाधीश सुधीर सिंह राठौर ने किया। इस अवसर पर न्यायाधीश ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे परिवार और समाज के आभूषण हैं उनके पास जीवन के अनुभावों की पूजी है। अपने माता-पिता और परिवार तथा समाज के हर वरिष्ठ नागरिक का सम्मान करना हमारा नैतिक दायित्व है। वृद्धाजनों की सेवा ईश्वर की सेवा है उनके आशीर्वाद से ही हमारे घर परिवार में सुख समृद्धि आती है। शिविर में न्यायाधीश श्री यशपाल सिंह ने कहा कि बुजुर्ग अपने अनुभव और ज्ञान से नई पीढ़ी को भविष्य की राह दिखाते हैं। उनका मार्गदर्शन हमें सही पथ पर चलना सिखाता है।

शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने वृद्धजनों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जा रही निःशुल्क कानून सहायता की जानकारी दी। शिविर में श्री मंजूर अहमद अंसारी ने वृद्धजनों की स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान तथा श्री आनंद पाण्डेय ने विधिक समस्याओं के निदान के संबंध में जानकारी दी। शिविर में पैरालिगल वालेंटियर समीर असलम, राघवेन्द्र सिंह तथा वृद्धाश्रम के सभी वृद्धजन उपस्थित रहे।

# ई-पंजीयन के लिए संपदा वन पोर्टल एक अप्रैल से होगा बंद

**रीवा।** जमीनों तथा संपत्तियों का ई-पंजीयन संपदा पोर्टल के माध्यम से किया जाता है। वर्तमान में संपदा एक तथा संपदा 2 पोर्टल कार्य कर रहे हैं। शासन के निर्देशों के अनुसार 31 मार्च को संपदा एक पोर्टल पूरी तरह से बंद कर दिया जायेगा। अब ई-पंजीयन की समस्त कार्यवाहियां केवल संपदा 2 पोर्टल पर ही होगीं। इस संबंध में जिला पंजीयक श्रीमती संध्या सिंह ने बताया कि एक अप्रैल के बाद संपदा एक से जुड़े बेल्डरों को कोई नवीन लायसेंस जारी नहीं किये जायेंगे। यदि कोई दस्तावेज संपदा एक पोर्टल में तैयार कर लिये गये हैं तो उसे 31 मार्च तक संपदा 2 पोर्टल में हस्तांरित कर दें।

# जिले में स्कूल चलें हम अभियान एक से 4 अप्रैल तक

## कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जारी किये दिशा-निर्देश

**रीवा।** प्रदेश के साथ-साथ में जिले में भी नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरूआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जायेगी। अभियान के दौरान एक से चार अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

जिला-शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम चयनित शाला में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जायेंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी और मैदानी अमले को विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिये गये हैं। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा-1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गयी है।

स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया जायेगा। आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियाँ सुनायेंगे। इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वैच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएँ भेंट कर सकेंगे। जिले के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को किसी एक शाला में जाकर एक कालखण्ड में बच्चों के साथ संवाद करने के लिये संवाद करने के भी निर्देश दिये गये हैं।

स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों का विद्यालय से जुड़ाव करना है। इसी दिन शाला में उपस्थित पालकों को शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है, उनके पालकों को सभा में सम्मानित किया जायेगा। स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 4 अप्रैल को ऐसे छात्रों को चिन्हित किया जायेगा, जो किन्हीं वजहों से कक्षोन्नति प्राप्त करने में असफल हो गये हैं।

# उम्मीद एवं विश्वास के साथ आगे बढ़े, डबल इंजन की सरकार विकास में कमी नहीं रहने देगी

## मंत्री श्री कंसाना ने कलाकारों को स्वैछानिधि से दस-दस हजार रुपए देने की घोषणा की




**मुरैना।** प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंसाना ने मुरैना जिलेवासियों को शृष्टि आरंभ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।उन्होंने कहा कि आज बड़ा महत्वपूर्ण दिन है,हिंदू नव वर्ष आज के दिन से शुरू होता है।उन्होंने कहा सही मायने में हमारी परम्परानुसार आज से नववर्ष की शुरुआत होती है।उन्होंने इस अवसर पर पर संपूर्ण नगर वासियों को हार्दिक बधाई दी।उन्होंने कहा है कि सभी के लिए यह नया वर्ष मंगलमय और तरक्की में हो, एक दूसरे के प्रति द्वेषभाव को दूर करें और इसी सकारात्मकता के साथ हम आगे देश व प्रदेश के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार के साथ मिलकर विकास की तरफ़ अग्रसर हो।विकास की इस राह पर हम आशा और विश्वास के साथ आगे बढ़े , देश को तरक्की के सौपान तक पहुंचाने में भागीदार बनें। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी माता बहनों,अधिकारी, कर्मचारी एवं नाटक के मंचन की टीम की सहारना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आज के इस शुभ अवसर पर मुरैना के विकास पर ध्यान दे,द्वेष की बातों को नकार कर सकारात्मक समाज का निर्माण करें।कार्यक्रम के अंत में मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति बहुत शानदार रही उन्होंने सभी कलाकारों को स्वैच्छा अनुदान निधि से 10-10 हजार रुपये की घोषणा भी की। कार्यक्रम के अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आरती गुर्जर, कलेक्टर श्री अंकित अस्थान, अतिरिक्त जिला सीईओ श्री आरके गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# विजय देवरकोंडा, यामी और अमित साध ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ साझा किए विकसित भारत का विजन

**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में वह नई दिल्ली में एक टीवी चैनल के विशेष कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उनके साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम और अभिनेता अमित साध भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम के दौरान विजय देवरकोंडा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने का अवसर भी मिला। इस खास मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इस खास आयोजन के दौरान पीएम मोदी ने बीते एक दशक में भारत के आत्मनिर्भर बनने की यात्रा पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का सपना केवल सामूहिक प्रयास से ही साकार किया जा सकता है। पीएम मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत योजना और 'हर घर जल' जैसी योजनाओं की सफलता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, एक दशक पहले, गरीबों को महंगी चिकित्सा देखभाल की समस्या से जूझना पड़ता था, लेकिन आयुष्मान भारत योजना ने इसका समाधान किया है। इसी तरह, स्वच्छ भारत मिशन ने देशभर में स्वच्छता की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव लाया है।



**करदाताओं के सम्मान और बैंकिंग सुधारों पर जोर:** प्रधानमंत्री ने कर प्रणाली में सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार करदाताओं के पैसे का ईमानदारी से उपयोग करती है। उन्होंने बताया कि बीते वर्षों में कर प्रणाली को और अधिक करदाता-अनुकूल बनाया गया है। इसके अलावा, बैंकिंग क्षेत्र में हुए सुधारों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में अब डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे आम जनता को अधिक सहूलियत मिल रही है।

इस कार्यक्रम में विजय देवरकोंडा हरे रंग की बंदगला शेरवानी में नजर आए, जबकि अमित साध ने खाकी ब्लेजर और पैंट पहना। यामी गौतम बैंगनी रंग की ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। इस खास इवेंट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिसमें विजय देवरकोंडा, यामी गौतम और अमित साध को पीएम मोदी के साथ बातचीत करते देखा जा सकता है। विजय देवरकोंडा और पीएम मोदी की मुलाकात को लेकर फैंस भी खासे उत्साहित हैं। उनकी तस्वीरों पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, विजय देवरकोंडा की ये मुलाकात उनके करियर के लिए एक नया आयाम खोल सकती है। वहीं, कई प्रशंसकों ने इस पल को ऐतिहासिक बताया। कार्यक्रम में हुई इस मुलाकात के बाद विजय देवरकोंडा ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का क्षण था। अब देखना होगा कि यह मुलाकात उनके आने वाले प्रोजेक्ट्स पर क्या असर डालती है।

## जन अभियान परिषद् जौरा द्वारा जल गंगा संवर्धन हेतु किया निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**मुरैना।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद मुरैना के जिला समन्वयक श्री सतीश सिंह तोमर एवं जौरा के ब्लॉक समन्वयक श्री बीडी शर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन हेतु निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय जौरा में किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक श्री बीडी शर्मा, नवांकुर समिति से कैलाश शर्मा, विष्णु सिंह तोमर, अलकेश राठौर, जितेंद्र शर्मा, परामर्शदाता श्री प्रशांत शर्मा, जया बागडे, शिवानी शर्मा, विनोद शर्मा, श्रीकुमार शर्मा आदि उपस्थित थे। सभी छात्रों द्वारा जल गंगा संवर्धन हेतु निबंध लेखन प्रतियोगिता में सहभागिता की।

## उप मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत लोही के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि जनकल्याण और विकास के कार्य प्राथमिकता से कराये जा रहे हैं। रीवा को पहले लोग पिछड़ा कहते थे अब इसके विकास की चर्चा प्रदेश एवं देश में हो रही है। शुक्ल ने ग्राम पंचायत लोही में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने सामुदायिक भवन निर्माण, आंगनवाड़ी भवन, हाट बाजार निर्माण सहित विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया। शुक्ल ने एक करोड़ 88 हजार रूपये की लागत से जोरी वाया भड़री तालाब रोड़ का लोकार्पण किया। उन्होंने माध्यमिक विद्यालय भवन सहित अन्य निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। ग्राम पंचायत लोही में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं, किसानों व युवाओं के कल्याण के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अधोसंरचना विकास के कार्य प्राथमिकता से कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गड्डी रोड से नहर के किनारे गुढ़ रोड को मिलाने वाले मार्ग को 7 करोड़ रूपये की लागत से बनाया जायेगा। जो गुढ़ रोड के लिए इससे संबद्ध ग्रामों के लिए बाईपास का काम करेगा। श्री शुक्ल ने कहा कि लोही लक्ष्मणपुर मार्ग को खेमसागर मंदिर तक चौड़ा बनाया जायेगा तथा शेष मार्ग को पर्याप्त चौड़ाई के बनाने के निर्देश उन्होंने निर्माण विभाग को दिये। श्री शुक्ल ने ग्राम पंचायत लोही के सरपंच द्वारा की गयी मांगों को प्राथमिकता से पूरे किये जाने हेतु आश्वस्त किया। उप मुख्यमंत्री जल संचय, जनभागीदारी, जनआन्दोलन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रीवा में बोर के माध्यम से संचयित जल को जमीन के अंदर पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है ताकि भूजल स्तर बना रहे। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा 30 मार्च से आरंभ हो रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागी बनने का ग्रामवासियों से आहवान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल ने रीवा के विकास के लिए उप मुख्यमंत्री जी को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के सम्मान के लिए कार्य कर रही है। इससे पूर्व सरपंच नीलेश तिवारी ने विभिन्न मांगों की ओर उप मुख्यमंत्री जी का ध्यान आकृष्ट किया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी संजय खाण्डे ने लोकार्पित सड़क का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रेमप्रकाश पाण्डेय, भूपेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोही तथा आसपास के ग्रामों के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अध्ययनरत विद्यार्थियों को दिलाएं बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## बस स्टैंड से मेडिकल कॉलेज तक के मार्ग का तेजी से कराएं चौड़ीकरण

भोपाल



उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल की सामान्य सभा की बैठक हुई। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में अध्यनरत विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा दिलाना सुनिश्चित करें, जिससे विद्यार्थी बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा प्राप्त कर अच्छे चिकित्सक बन सके।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने शहडोल संभाग के शहडोल,अनूपपुर एवं उमरिया जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से नरोगी काया अभियान की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीयन कराया जाए तथा समय-समय पर महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाए। उन्होंने कहा कि सीएमएचओ एवं बीएमओ इस कार्य को प्राथमिकता से लें तथा गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर जांच करने हेतु मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित करें तथा वरिष्ठ अधिकारी मॉनिटरिंग भी करें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि संभागीय मुख्यालय शहडोल के बस स्टैंड से बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय तक के मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य तेजी पूर्ण कराए जिससे आने जाने वाले वाहन सुगमता के साथ और मरीज समय पर मेडिकल कॉलेज तक पहुंचकर अपना इलाज करा सकें। उप मुख्यमंत्री ने मरीजों को मेडिकल कॉलेज में दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली तथा सुचारू सेवा प्रदाय के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने महाविद्यालय में आयुष्मान भारत योजना, जननी सुरक्षा योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम एवं प्रसूति सहायता योजना की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रत्येक योजना का लाभ मरीजों को दिलाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सा महाविद्यालय में इकोकार्डियोग्राफी, जनरल सर्जरी, टेली मेडिसिन, रेडियो डायग्नोसिस, ब्लड बैंक सहित अन्य डिपार्टमेंट की भी जानकारी ली।

## विधानसभा अध्यक्ष ने स्वास्थ्य शिविर का किया अवलोकन

**भोपाल।** विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने मुरैना जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउण्ड पर स्वास्थ्य कैम्प की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। शिविर में देश एवं विदेश से आये बड़े चिकित्सकों द्वारा गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर एवं मुरैना जिला प्रभारी एवं राजस्व मंत्री वर्मा ने शिविर में लगाये सभी विभागों के ओपीडी जिनमें जनरल, मेडीसन, ऑर्थोपैडिक्स, पीडियाट्रिक, ईएनटी, गायनकलॉजी, सर्जीकल, ऑपथामॉलोजी, डेंटल, यूरोलॉजी, सायकिएट्री, ऑनकोलॉजी, डरमैटलॉजी, पलमुनोरी, हिमाटोलॉजी, पेन मेडीसन, कार्डियोग्राफी, एनसीडी क्लीनिक आदि का अवलोकन किया।इस अवसर पर सांसदविवेक तन्खा, कमलेश कुशवाह, समाजसेवी श्री योगेशपाल गुप्ता, कलेक्टर अंकित अस्थाना, सीईओ जिला पंचायत कमलेश भार्गव सहित रोटरी के पदाधिकारी भूपेन्द्र जैन सहित अन्य पदाधिकारी, चिकित्सक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## दावा-आपत्ति करने की तिथि बढ़ाई

भोपाल। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों के हित में (डिजिटल फसल सर्वेक्षण) गिरदावरी में संशोधन एवं दावा-आपत्ति करने की अवधि 15 अप्रैल तक बढ़ा दी गयी है। इससे किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिये कराये गये पंजीयन की जानकारी और गिरदावरी की जानकारी में आ रहे अंतर में सुधार करवा सकेंगे। गौरतलब है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहू की बिक्री के लिये किसानों द्वारा कराये गये पंजीयन में दी गयी जानकारी और पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी में विभिन्नता होने से आयुक्त खाद्य श्री कर्मवीर शर्मा ने आयुक्त अभिलेख को गिरदावरी में संशोधन/दावा आपत्ति करने की अवधि 15 अप्रेल तक बढ़ाये जाने का आग्रह किया था।

# अपना दुख छोड़कर दूसरों के सुख की सेवा करने वाले बिरले ही होते है: शिवाजी पाटिल

## मंदार एंड नो मोर फाउंडेशन संकल्प कार्यक्रम संपन्न

**भोपाल।** को करियर कॉलेज में आयोजित मंदार एंड नो मोर फाउंडेशन संकल्प दिवस कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों और प्रतिभागियों ने डूबने की समस्या की गंभीरता को रेखांकित किया।

मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने एमएएनएम टीम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अपने दुख को छोड़कर दूसरो के सुख की सेवा करने वाले बिरले होते हे मंदार एंड नो मोर फाउंडेशन की सराहना करते हुवे कहा कि सरकार और समाज को मिलकर डूबने से मरने इस चुनौती का समाधान खोजना होगा। विशिष्ट अतिथि प्रो. अमिताभ सक्सेना ने सुरक्षा व्यवहार को जीवन में आत्मसात करने और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखने पर जोर दिया।




मेज़बान संस्था करियर कॉलेज के अध्यक्ष मनीष राजोरिया ने घोषणा की कि कॉलेज के छात्र व संकाय एम-ए-एन-एम के साथ नियमित कार्यक्रम करेंगे। साथ ही, उनके अत्याधुनिक स्टूडियो को उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि सुरक्षा से संबंधित ऑडियो-वीडियो कंटेंट तैयार किया जा सके। पूर्व डीजीपी एस. के. राउत ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सुरक्षा को गंभीरता से लेना सभी की जिम्मेदारी है। फाउण्डेशन के निदेशक विश?वास घुषे ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि एक दशक के अथक प्रयासों के बाद अब अगला दशक युवाओं और नए संगठनों के साथ संस्था को और विस्तार देने वाला होगा। डॉ. अभिजीत देशमुख ने घोषणा की कि वे संस्था के साथ मिलकर मध्य प्रदेश में 5000 से अधिक व्यक्तियों को फर्स्ट एड और सीपीआरेकार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के 250 से अधिक प्रतिभागियों, विशेषकर छात्रों ने हिस्सा लिया और डूबने की रोकथाम के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल के अध्यक्ष मनोज झा, बी.एम.ए. के जी. के. छिब्बर, कंपनी सेक्रेटरी पी के राय, वरिष्ठ एडवोकेट विलास बुचके सहित भोपाल की कई प्रमुख हस्तियां भी उपस्थित रहीं।

## यूरेशियन वल्चर को रायसेन वन मंडल के सरार बीट में छोड़ा

**भोपाल।** वन मण्डल रायसेन अंतर्गत शनिवार को एक यूरेशियन वल्चर (गिद्ध की प्रजाति) को हलाली बांध के पास सफलतापूर्वक मुक्त किया गया। इस वल्चर को सतना वन मण्डल से रेस्क्यू कर मुकुंदपुर रेस्क्यू सेंटर और वन विहार में उपचार के लिये लाया गया था। वल्चर के उपचार के बाद स्वस्थ होने पर उसे रिलीज किया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री राजेश खरे ने बताया कि रायसेन वन मण्डल के सरार बीट में गिद्धों के लिये अनुकूल परिस्थिति, वातावरण और उनकी संख्या को ध्यान में रखते हुए इस स्थान पर वल्चर को छोड़ा गया। उन्होंने बताया कि इसी स्थल पर वल्चर रेस्टोरेंट का निर्माण करने की तैयारी शासन स्तर पर चल रही है। आगामी दिनों में भोपाल स्थित वल्चर ब्रीडिंग सेंटर के 6 वल्चर को भी इसी स्थान पर छोड़ा जायेगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव ने कहा कि मवेशियों को इलाज के लिये दी जाने वाली दवाइयाँ, जिन्हें शासन ने प्रतिबंधित किया है और जो गिद्धों के लिये जानलेवा है, के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि डायक्लोफेनेक, निमेसुलाइड, कीटोप्रोफेन और एसेक्लोफेनेक दवाइयाँ जो पशुओं के इलाज के लिये दी जाती थीं, इन दवाइयों को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है और इनका उपयोग गैर कानूनी भी है। उन्होंने कहा कि गिद्धों की संख्या में जो भारी गिरावट आयी, वह इन्हीं दवाओं के कारण थी। मुख्य वन्य-प्राणी अभिरक्षक श्री शुभरंजन सेन ने बताया कि कर्मचारियों को दवाइयों का एक सैम्पल भी प्रदाय किया है। इन दवाइयों से गिद्धों को कोई नुकसान नहीं होगा।इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक भोपाल, वन मण्डलाधिकारी रायसेन, विदिशा, उप वन मण्डल अधिकारी रायसेन, विदिशा, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ और बीएनएचएस की टीम मौजूद थी।

# विश्व संवाद केंद्र में डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म चंबल: सत्य और मिथ्या की स्क्रीनिंग

भोपाल



सतपुड़ा चलचित्र समिति के साप्ताहिक फ़िल्म आस्वादन एवं संवाद अनुष्ठान के अंतर्गत कल शनिवार को विश्व संवाद केंद्र, भोपाल में युवा निर्देशक आशुतोष भार्गव की डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म 'चंबल- सत्य और मिथ्या' की स्क्रीनिंग हुई। इस फ़िल्म को हाल ही में ग्वालियर शॉर्ट फ़िल्म फेस्टिवल में स्पेशल जूरी अवॉर्ड मिला है। फ़िल्म में चंबल के वास्तविक इतिहास और प्रचलित धारणाओं के अंतर को बखूबी दर्शाया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ फ़िल्म समीक्षक विनोद नागर ने फ़िल्म के निर्देशक आशुतोष भार्गव से फ़िल्म निर्माण के विविध पहलुओं पर दिलचस्प बातचीत की। कार्यक्रम में श्री लोकेन्द्र सिंह, श्री मुकेश अवस्थी, श्री सुरेंद्र ठाकरे, कुबेर सिंह, मनोहर मालवीय के साथ फ़िल्म विधा के छात्र और दर्शक उपस्थित रहे। फ़िल्म आस्वादन एवं संवाद श्रृंखला की इस 111 वीं कड़ी में राजगढ़ जिले की सामाजिक कुरीति पर बनी सौरभ कुमार निर्देशित डॉक्यूमेंट्री फिल्म %झगड़ा नातरा भी प्रदर्शित की गई। यह फ़िल्म समाज में व्याप्त कुरीतियों और उनके प्रभाव को उजागर करती है।

आयोजन में फिल्म रसिकों सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया और फ़िल्मों के सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर पर गहन चर्चा की। निश्चित ही इस तरह के आयोजन सिनेमा को सिर्फ मनोरंजन के रूप में नहीं, बल्कि एक सामाजिक जागरूकता के माध्यम के रूप में प्रस्तुत करने का कार्य भी करते हैं।

# मुरलीधर कृपा विद्या मंदिर सनातन के ब्रांड एंबेसडर तैयार कर रहा है: तिवारी

## मुरलीधर कृपा विद्या मंदिर का वार्षिक उत्सव 2025 संपन्न

**मक्सी।** शाजापुर जिले के मक्सी नगर में स्थित मुरलीधर कृपा विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव 2025 शानदार तरीके से संपन्न हुआ । नन्हें मुन्ने बच्चों ने गीत संगीत और नृत्य की प्रस्तुति देकर अतिथियों और पालकों का मन मोह लिया ,इस अवसर पर प्रतिभाशाली बच्चे पुरस्कृत किए गए । अतिथियों ने अपने उद्बोधन में बच्चों को आशीर्वचन कहे। नागपुर से पधारे प्रख्यात वैज्ञानिक डॉक्टर रितेश विजय ने कहा कि देश को ज्ञान और विज्ञान दोनों की धाराएं महान बनाती है और हमें प्रसन्नता है की आने वाला समय भारत के वैज्ञानिकों का हैं। राजधानी भोपाल से पधारे वरिष्ठ पत्रकार एवं मध्यप्रदेश प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ.नवीन आनंद जोशी ने कहा कि संस्कार और संस्कृति ने भारत देश को दुनिया में अद्वितीय बना रखा है, आज हमें अपने भारत पर गर्व इसलिए होता है कि यहां पीढ़ी दर पीढ़ी संस्कार जीवित हैं और संस्कार देने का काम मुरलीधर कृपा विद्या मंदिर कर रहा है। मुंबई से आए दैनिक सामना के संपादक अनिल आर तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह विद्या मंदिर केवल विद्यार्थी तैयार नहीं कर रहा है, बल्कि सनातन के ब्रांड एंबेसडर बना रहा है, जो देश में संस्कारों का प्रकाश फैलाएंगे।वार्षिक उत्सव संतृति समागम 2025 में सर्वप्रथम विद्यालय की छात्राओं द्वारा कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि डॉ रितेश विजय (सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट एंड हेड) नागपुर, डॉ नवीन आनंद जोशी (वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया संरक्षक) भोपाल,अनिल आर. तिवारी(रेसिडेंट संपादक दोपहर का सामना ,मुंबई) द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमति नेहा विजयवर्गीय द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा भारत देश के सभी राज्यों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। इसके पश्चात् शैक्षणिक एवं सह- पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन महावीर प्रसाद मानसिंगका ,मुख्य प्रबंधक दिनेश सिंह यादव , सीनियर प्रबंधक अकाउंट्स दिलीप भावसार ,प्राचार्या नेहा विजयवर्गीय , संदीप देथलिया, गोपाल बारोट ,ईशा यादव,नीतू दिवाकर एवं समस्त मुरलीधर कृपा विद्या मंदिर स्टाफ सहित अभिभावक और छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार मुख्य प्रबंधक दिनेश सिंह यादव द्वारा किया गया।






स्वामी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक विनोद सिंह तोमर द्वारा तारा ऑफसेट प्रिंटर्स शेड नम्बर 2, बीडीए के सामने, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश से मुद्रित एवं 87,पुट्ठामिट गेट के सामने, छोला रोड, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश से प्रकाशित। संपादक : विनोद सिंह तोमर मो. 7067515898 RNI NO. MPHIN/2015/61965 ( सभी विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र भोपाल न्यायालय के अंतर्गत ही मान्य होगा। )